




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com  कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित  डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 37 अंक 132 | कोरबा, बुधवार, दिनांक 11 फरवरी 2026 डाक 12 फरवरी 2026 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
नई दिल्ली में बजट सेशन के दौरान अलग-अलग मुद्दों पर राजद सांसदों ने पार्लियामेंट कैंपस में प्रोटेस्ट किया।



**देश-विदेश**
नौ करोड़ के चेक बाउंस मामले में राजपाल यादव तिहाड़ में, मदद को हस्तियों ने बढ़ाए हाथ



**फीचर पेज**
केमिकल पीलिंग के बाद ध्यान में रखें ये बातें, त्वचा को नहीं होगा नुकसान




# हाई कोर्ट का हरियाणा सरकार को बड़ा झटका, 50 वर्ष पुराने भूमि विवाद में सरकार की 27 साल पुरानी अपील खारिज

**चंडीगढ़, 11 फरवरी [एजेंसी]।**

पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने करीब 50 साल पुराने भूमि विवाद का निपटारा करते हुए हरियाणा सरकार की 27 वर्ष पुरानी द्वितीय अपील खारिज कर दी और कहा कि राज्य की मनमानी या दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई नागरिकों के वैध रूप से अर्जित भूमि अधिकारों को समाप्त नहीं कर सकती।

जस्टिस वीरेंद्र अग्रवाल ने अपने निर्णय में स्पष्ट किया कि प्रशासनिक और अर्ध-न्यायिक प्राधिकरणों को प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन करना अनिवार्य है। विवाद अंबाला जिले के टंगैल गांव की 96 कनाल भूमि से संबंधित था, जिसे राज्य सरकार ने संत राम, दाता राम और आसा राम सहित वादियों को वर्ष 1966 से 1976 तक 10 वर्ष की लीज पर दिया था। लीज की शर्तों के अनुसार लीज अवधि समाप्त होने पर पात्र लाभार्थियों को रियायती दर पर भूमि खरीदने का अधिकार दिया गया था। वादियों ने निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार वर्ष 1976 में 40 रुपये प्रति किल्ला की दर से बिक्री राशि जमा कर भूमि खरीदने का विकल्प प्रयोग किया और संबंधित प्रमाण पत्र भी प्राप्त कर लिया।राज्य सरकार ने बाद में यह दलील दी कि भूमि केवल लीज पर दी गई थी और लीज समाप्त होने के बाद कब्जा अनधिकृत हो गया। साथ ही यह भी कहा गया कि वर्ष 1970 में इस जमीन से संबंधित कार्य पुनर्वास विभाग को



हस्तांतरित कर दिए गए थे, इसलिए राजस्व अधिकारियों द्वारा जारी किया गया बिक्री प्रमाणपत्र वैध नहीं था। हाई कोर्ट ने पाया कि वर्ष 1989 में जब इस संबंध में सिविल मुकदमा लंबित था, तब तहसीलदार (सेल्स) ने बिना वादियों को सुनवाई का अवसर दिए ही भूमि हस्तांतरण संबंधी आवेदन खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि दूसरे पक्ष को भी सुनो का सिद्धांत प्राकृतिक न्याय का मूल आधार है और इसका उल्लंघन प्रशासनिक आदेश को अवैध बना देता है। निचली अदालतों ने वादियों के पक्ष में फैसला सुनाया था जिसके बाद राज्य सरकार ने अपील दायर की थी। अदालत ने यह भी उल्लेख किया कि सरकारी रिकार्ड में वर्ष 1975 के बयान से स्पष्ट था कि संबंधित भूमि पर नियमित खेती हो रही थी, फिर भी अधिकारियों ने उपलब्ध रिकार्ड की अनदेखी करते हुए विपरीत निष्कर्ष निकाला। न्यायालय ने इसे स्पष्ट रूप से मनमाना और रिकार्ड के विपरीत आचरण बताया।

फैसले में कहा गया कि कानून के शासन के तहत प्रशासनिक शक्तियां सीमित हैं और राज्य प्राधिकरणों को न्यायसंगत तथा पारदर्शी तरीके से ही निर्णय लेने होते हैं। अदालत ने अंततः राज्य की अपील खारिज करते हुए निचली अदालतों के निर्णयों को बरकरार रखा और स्पष्ट किया कि वैध रूप से प्राप्त भूमि अधिकारों को प्रशासनिक मनमानी के आधार पर समाप्त नहीं किया जा सकता।

## कार-ट्रक की भीषण टक्कर छह लोगों की हुई दर्दनाक मौत



**दौसा 11 फरवरी।** दौसा जिले में एक भीषण सड़क हादसे में कार सवार छह युवकों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक यह हादसा मंगलवार देर रात हुआ, जब सभी युवक अभानेरी गांव में एक कार्यक्रम से लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि कार चालक का नियंत्रण गाड़ी से हट गया, जिसके बाद कार डिवाइडर तोड़ते हुए सामने से आ रहे ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और मौके पर ही छह लोगों की जान चली गई।

मृतकों की पहचान अंकित, समय सिंह, लोकेश, नवीन, दिलखुश और मनीष के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, सभी मृतक आपस में दोस्त थे और दौसा के कल्खो गांव के रहने वाले थे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को अस्पताल भिजवाया। मामले की जांच की जा रही है।

## चुनाव आयोग तमिलनाडु और पुडुचेरी में मतदाताओं को जागरुक करने के लिए करेगा एआई का इस्तेमाल



**चेन्नई 11 फरवरी।** भारतीय निर्वाचन आयोग तमिलनाडु और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी समेत चार राज्यों के आगामी विधानसभा चुनावों में मतदाताओं को जागरुक करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल करेगा। जानकारी सामने आई है कि निर्वाचन आयोग ने मीडिया एजेंसियों, क्रिएटिव प्रोफेशनल्स और लोगों को एआई से बने अवेयरनेस वीडियो बनाने के लिए बुलाया है, जो खास इलेक्शन थीम पर फोकस करेंगे। इनमें इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का काम करना, वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट), एथिकल वोटिंग प्रैक्टिस और बिना किसी डर या लालच के इलेक्शन में हिस्सा लेने की अहमियत शामिल है। यह कैंपेन व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी (स्वीप) प्रोग्राम के तहत चलाया जाएगा, जो चुनाव आयोग का सबसे बड़ा मतदाता संपर्क प्लेटफॉर्म है। पहले स्वीप कंटेंट में मीडिया हाउस की बनाई छोटी फिल्में, जिंगल, गाने और जानकारी देने वाले विज्ञापन शामिल होते थे। हालांकि, यह पहली बार है जब चुनाव आयोग ने मतदाता शिक्षा सामग्री बनाने के लिए एआई टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल को आधिकारिक तौर पर बढ़ावा दिया है। एक आधिकारिक नोटिफिकेशन के अनुसार, सभी एआई-आधारित वीडियो बातचीत वाले और आसानी से समझ में आने वाले फॉर्मेट में होने चाहिए। एजेंसियों या लोगों की ओर से सबमिट की गई स्क्रिप्ट की जांच की जाएगी और प्रोडक्शन शुरू होने से पहले इलेक्शन डिपार्टमेंट उन्हें मंजूरी देगा। अधिकारियों ने यह सुनिश्चित करने के लिए सख्त गाइडलाइंस भी जारी की हैं कि कंटेंट पूरी तरह से गैर-राजनीतिक, न्यूट्रल और बिना किसी भेदभाव के रहे।

## सुनील जाखड़ का आरोप- मोगा में प्रवासी मजदूरों को साजिश के तहत टारगेट किया गया



**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पंजाब इकाई के प्रमुख सुनील जाखड़ ने मोगा जिले में प्रवासी मजदूरों पर हुए हमले की घटना की निंदा की है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोगा में बाहर से आए मजदूरों को साजिश के तहत टारगेट किया गया। पंजाब भाजपा के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, पहले पंजाब में बिजनेसमैन को टारगेट किया जा रहा था, जिसकी वजह से यहां कोई नई इंडस्ट्री आने को तैयार नहीं हो रही थी। अब मोगा में बाहर से आए मजदूरों को साजिश के तहत टारगेट करने की घटना हुई है। यह बहुत निंदनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग पिछले कुछ समय से इस विषय पर समाज में जहर फैला रहे हैं। सुनील जाखड़ ने कहा कि यह पंजाबियत नहीं है। यह गुरु साहिबों के दिखाए रास्ते के बिल्कुल उलट है। सुनील जाखड़ ने आगे लिखा, इन प्रवासी मजदूरों का भी पंजाब की इंडस्ट्री और खेती में बहुत बड़ा योगदान है। भगवंत मान सरकार को अपनी नींद से जागना चाहिए और समाज में फूट डालने वाली और लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति को बिगाड़ने वाली ताकतों के खिलाफ एक्शन लेने की हिम्मत दिखानी चाहिए।

## सरकारी कार्यक्रमों में राष्ट्रगान के बाद 6 छंदों वाला वंदे मातरम् अनिवार्य, गाइडलाइन जारी




**नईदिल्ली 11 फरवरी [एजेंसी]।**

केंद्र सरकार ने वंदे मातरम् को लेकर बुधवार सुबह नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। नए निर्देश के तहत, अब सरकारी कार्यक्रमों, स्कूलों और कई महत्वपूर्ण आयोजनों में वंदे मातरम् बजना अनिवार्य होगा। सभी लोगों को खड़े होकर इसका सम्मान करना होगा, ठीक वैसे ही जैसे राष्ट्रगान जन गण मन के समय होता है। लेकिन सिनेमा हॉल में फिल्मों के दौरान यह नियम लागू नहीं होगा। सबसे अहम बात यह है कि गीत के पूरे छह छंद बजाए जाएंगे, जिनमें से चार छंद 1937 में कांग्रेस ने हटा दिए थे। यह फैसला स्वतंत्रता संग्राम के इस गीत को उसकी मूल शक्ति के साथ वापस लाने की कोशिश है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के इन नए नियमों के तहत वंदे मातरम् को राष्ट्रगान के तुरंत बाद बजाया जाएगा। यानी पहले फिर जन गण मन। यह सभी सरकारी कार्यक्रमों, स्कूलों में लागू होगा।

वंदे मातरम् अब पद्म पुरस्कार जैसे नागरिक सम्मान समारोहों में भी बजाया जाएगा। राष्ट्रपति के किसी भी कार्यक्रम में उनके आने-जाने के समय यह गीत बजना जरूरी होगा। राष्ट्रपति या राज्यपालों के आगमन, प्रस्थान, उनके भाषण से पहले और बाद में भी यह नियम लागू होगा। तिरंगा फहराने के मौके पर भी इसका पालन होगा। गृह मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि जब यह गीत बजाया या गाया जाएगा, तो मौजूद सभी लोग ध्यान मुद्रा में खड़े रहेंगे।

**छंद 1:** वन्दे मातरम्। सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम्। शस्यशामलां मातरम्। शुभ्रज्योत्स्नापुलकितयामिनीं। फुल्लकुसुमितद्रुमदलशोभिनीं। सुहासिनीं सुमधुर भाषिणीं। सुखदां वरदां मातरम्।। वन्दे मातरम्।।

**छंद 2 :** वन्दे मातरम्। कोटि-कोटि-कण्ठ-कल-कल-निनाद-कराले। कोटि-कोटि-भुजैर्धृत-खरकरवाले। अबला केन मा एत बले। बहुबलधारिणीं नमामि तारिणीं। रिपुदलवारिणीं मातरम्।। वन्दे मातरम्।।

**छंद 3 :** वन्दे मातरम्। तुमि विद्या, तुमि धर्म। तुमि हृदि, तुमि मर्म।त्वं हि प्राणाः शरीरे। बाहुते तुमि मा शक्ति। हृदये तुमि मा भक्ति। तोमारई प्रतिमा गडि। मन्दिरे-मन्दिरे मातरम्।। वन्दे मातरम्।।

**छंद 4 :** वन्दे मातरम्। त्वं हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी। कमला कमलदलविहारिणी। वाणी विद्यादायिनी। नमामि त्वाम्। नमामि कमलां अमलां अतुलां। सुजलां सुफलां मातरम्।। वन्दे मातरम्।।

**छंद 5 :** वन्दे मातरम्। श्यामलां सरलां सुस्मितां भूषितां। धरणीं भरणीं मातरम्। शत्रु-दल-वारिणीं। मातरम्।। वन्दे मातरम्।।

**छंद 6 :** वन्दे मातरम्। त्वं हि शक्ति, त्वं हि शक्ति।त्वं हि शक्ति मातरम्।। वन्दे मातरम्।।


प्रथम पुण्यतिथि



श्रीमती रामप्यारी देवी मुरारका
अवसान दिनांक – 11 फरवरी 2025
आज आप हमारे बीच नहीं हैं, फिर भी आपकी याद हमें आती रहती है एवं आपके आदर्श हमें सदैव प्रेरणा देती रहती है...
11 फरवरी 2026 को प्रथम पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन करते हुए अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं...
फर्म :
मेसर्स नथमल बद्रीनारायण मुरारका
भारत पेट्रोलियम, डीलर कोरबा
श्रद्धावनत् :
सुरेश मुरारका (पुत्र)
मुकेश मुरारका (पुत्र)
अभिषेक मुरारका (पौत्र)


## साइबर ठगों का आतंक, तीन लोगों से 1.58 करोड़ रुपये की ठगी

**फरीदाबाद।** साइबर ठगों ने अलग-अलग तरीके से तीन लोगों से एक करोड़, 58 लाख 49 हजार 140 रुपये ठग लिए। राजेश अग्रवाल ने बताया कि उसकी मथुरा रोड पर फैक्ट्री है। सेक्टर-पांच पंचकुला की फैक्ट्री मालिक बता कर संजय कोहली नाम के व्यक्ति ने लेन-देन के आधार पर क्रेडिट पर पिग आयरन की आपूर्ति करा ली। इसकी कीमत एक करोड़ 58 लाख 34 हजार 391 रुपये बनती है। अब वह रुपये नहीं दे रहा है। अपनी दुकान को बंद करके कहीं भाग गया है। इसी तरह से ब्राह्मण वाडा के रहने वाले मयंक वर्मा ने बताया कि निवेश कराकर मुनाफा कमाने का लालच देकर उससे 90 हजार 749 रुपये ठग लिए।

## चंडीगढ़ के बाद अब मोहाली के स्कूलों में बम धमाके की धमकी, 10 में छुट्टी घोषित, गेट से बच्चे वापस भेजे



**मोहाली 11 फरवरी।** चंडीगढ़ के बाद अब मोहाली में स्कूलों में बम धमाके की धमकी दी गई। ई-मेल के जरिये आए धमकी भरे मैसेज में 10 स्कूलों में धमाके करने की बात लिखी है। इससे हड़कंप मच गया। स्कूलों ने छुट्टी घोषित कर बच्चों को गेट से ही वापस भेज दिया। सुबह स्कूल खुलने के कुछ ही देर बाद यह मेल प्राप्त हुए। इसके बाद संबंधित स्कूल प्रबंधन ने तुरंत एहतियाती कदम उठाते हुए छुट्टी घोषित कर दी। अभिभावकों को मैसेज भेजकर स्थिति की जानकारी दी गई। बच्चों को स्कूल गेट से ही वापस भेज दिया गया। धमकी की सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर आ गईं।

डीएसपी सिटी हरसिमरन बल लर्निंग पाथ और डीएसपी सिटी वन पृथ्वी चहल पैरागान स्कूल पहुंचे। बम और डॉग स्क्वायड भी पहुंचा। स्कूल परिसरों को सील कर अंदर जांच की और किसी को भी गेट के भीतर जाने की अनुमति नहीं दी। डीईओ डॉ. गिन्नी दुग्गल ने बताया कि स्कूलों को धमकी मिली है। सभी प्रभावित स्कूलों को बंद कर दिया गया है।

## बाप रे! साबुन के पैकेट्स को काटकर जांच, जो मिला...



**अहमदाबाद।** अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक बार फिर नशीले पदार्थों की तस्करी का बड़ा मामला सामने आया है। एयर इंटेलिजेंस यूनिट और कस्टम्स विभाग की संयुक्त टीम ने एक यात्री के पास से 6.8 किलोग्राम संदिग्ध हेरोइन बरामद की, जिसकी अनुमानित कीमत 6.8 करोड़ रुपये है। कस्टम अधिकारी ने बताया, ये हेरोइन कुदरती और हर्बल साबुन के पैकेट्स में चालाकी से छिपाई गई थी। आरोपी यात्री कुतुब सिहाबुद्दीन अब्बास अली जो चेन्नई का निवासी है, कुआलालंपुर से एयर एशिया की फ्लाइट एके 91 से अहमदाबाद पहुंचा था।

## रेप केस के दोषी ने महात्मा गांधी पर लिखा निबंध, बॉम्बे हाई कोर्ट ने कम कर दी सजा

**नई दिल्ली।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक नाबालिग लड़की से रेप के दोषी एक आदमी की उम्रकैद की सजा घटाकर 12 साल कर दी है। कोर्ट ने उसकी कम उम्र, लंबे समय तक जेल में रहने और जेल में सुधार की कोशिशों को ध्यान में रखते हुए यह सजा दी है। सुधार की कोशिशों में महात्मा गांधी पर एक निबंध प्रोग्राम में हिस्सा लेना भी शामिल है। जस्टिस सारंग कोटवाल और जस्टिस संदेश पाटिल की बेंच ने 2 फरवरी के अपने आदेश में 2016 के जुर्म में आदमी की सजा को बरकरार रखा, लेकिन कहा कि उसे दी गई उम्रकैद की सजा कम की जानी चाहिए।


स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक, बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## इशिका को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का मिला अवार्ड,प्रशंसक खुश

**कोरबा ।** कोरबा की रहने वाली अभिनेत्री इशिका यादव को रंग झांझर अवार्ड 2025-26 में सर्वश्रेष्ठ फिल्म अभिनेत्री के सम्मान से नवाजा गया। उन्हें यह प्रतिष्ठित पुरस्कार सुपरहिट छत्तीसगढ़ी फिल्म 'मोर छंइहा भुईयां 3' में दमदार अभिनय के लिए प्रदान किया गया।



छत्तीसगढ़ी फिल्म इंडस्ट्री एसोसिएशन द्वारा हर वर्ष आयोजित होने वाला रंग झांझर अवार्ड समारोह प्रदेश के फिल्म कलाकारों के उत्कृष्ट योगदान को सम्मानित करता है। इस भव्य आयोजन में राज्य के कई नामचीन कलाकारों की मौजूदगी रही, जहां इशिका यादव की उपलब्धि खास चर्चा का विषय बनी। अवार्ड मिलने के बाद इशिका यादव ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार, मित्रों और प्रशंसकों को दिया। उन्होंने फिल्म के निर्देशक सतीश जैन का विशेष आभार जताते हुए कहा कि 'मोर छंइहा भुईयां 3' जैसी बड़ी फिल्म में काम करने का अवसर उनके करियर का अहम मोड़ साबित हुआ। इशिका यादव कई वर्षों से छत्तीसगढ़ी सिनेमा में सक्रिय हैं और अपनी मेहनत व अभिनय प्रतिभा के दम पर उन्होंने अलग पहचान बनाई है। लगातार सफल फिल्मों के चलते उन्हें आज प्रदेश की उभरती हुई सुपरस्टार्स में गिना जा रहा है। कोरबा लौटने पर इशिका यादव का जोरदार स्वागत किया गया। एसईसीएल की एसबीएस कॉलोनी में रहने वाली इशिका को स्थानीय लोगों ने बधाइयां दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करी।

## संभाग स्तरीय रोजगार मेला 12 एवं 13 फरवरी को

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ शासन, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय, बिलासपुर द्वारा 12 एवं 13 फरवरी को शासकीय मॉडल आई.टी.आई., कोनी, बिलासपुर में 'संभाग स्तरीय रोजगार मेला' का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र के तकनीकी एवं गैर-तकनीकी लगभग 4032 पदों पर चयन हेतु कंपनियों द्वारा साक्षात्कार लिया जाएगा।उक्त रोजगार मेले में सम्मिलित होने के लिए 222.द्दह्लश्चद्रद्दड्डह्र.ष्द्द.द्दश1.द्बठ्ठ पोर्टल में रोजगार पंजीयन एवं संभाग स्तरीय रोजगार मेला हेतु पंजीयन दोनों अनिवार्य हैं। अभ्यर्थियों को पोर्टल में उपलब्ध इच्छुक रिक्त पदों का चयन भी करना होगा। अभ्यर्थी 12 एवं 13 फरवरी 2026 को अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित स्थल पर उपस्थित हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कोरबा के दूरभाष क्रमांक 07759-222069 में संपर्क किया जा सकता है।

## श्याम मंदिर स्थापना दिवस पर भक्तों ने दिखाई आस्था

**कोरबा ।** श्री श्याम मंदिर स्थापना दिवस के पावन अवसर पर शहर में भव्य श्री श्याम निशान यात्रा का आयोजन किया गया। स्वर्ण सिटी दर्री रोड कोरबा निवासी नरेंद्र अग्रवाल, श्री श्याम मित्र मंडल एवं श्री श्याम सखी मंडल, कोरबा के सौजन्य से आयोजित इस धार्मिक यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। निशान यात्रा स्वर्ण सिटी दर्री रोड स्थित नरेंद्र अग्रवाल के निवास से प्रारंभ होकर श्री श्याम मंदिर, मिशन रोड कोरबा तक निकाली गई। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में भारी उत्साह और भक्ति का वातावरण देखने को मिला। शहरभर से पहुंचे भक्तों ने निशान लेकर श्री श्याम बाबा के जयकारे लगाए और भजन-कीर्तन के साथ यात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर नरेंद्र अग्रवाल ने कहा कि श्री श्याम बाबा की कृपा से श्रद्धा भक्ति और उत्साह से परिपूर्ण इस निशान यात्रा में शहरवासियों की आस्था देखते ही बनती है। ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा, संस्कार और आपसी सौहार्द को मजबूती मिलती है। उन्होंने सफल आयोजन के लिए सभी आयोजकों एवं श्रद्धालु बंधुओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। निशान यात्रा के मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं के स्वागत की व्यवस्था की गई। पूरे आयोजन में भक्ति और उल्लास का माहौल बना रहा।

## लॉयन्स क्लब कटघोरा-छुरी ने किया चार्टर नाइट का आयोजन

**कोरबा ।** दी इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लॉयन्स क्लब से संबंधित लॉयन्स क्लब कटघोरा-छुरी के द्वारा मुरली होटल कटघोरा के सभागार में क्लब के चार्टर नाइट का आयोजन डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमआईएफ लायन विजय अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

इस अवसर पर गेस्ट आफ आनर के रूप में पूर्व मल्टीपल कौंसिल चेयरपर्सन एमआईएफ लायन राजेन्द्र तिवारी, विशिष्टअतिथि के रूप में पूर्व मल्टीपल कौंसिल वाइस चेयरपर्सन पीएमआईएफ लायन राजकुमार अग्रवाल, रीजन चेयरपर्सन पीएमआईएफ लायन कैलाशनाथ गुप्ता, नगर निरीक्षक कटघोरा धर्मनारायण तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल द्वारा की गयी। सर्वप्रथम क्लब के सदस्यों द्वारा सभी मंचस्थ अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने अपने स्वागत उदबोधन में बताया कि जिस प्रकार से हर व्यक्ति हर साल अपना जन्मदिवस मनाता है, ठीक उसी प्रकार से 2017-18 में कटघोरा क्लब चार्टर हुआ था। तब से उस दिन को क्लब जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है। सचिव प्रकाश अग्रवाल द्वारा सचिवी प्रतिवेदन पढ़ते हुए क्लब के द्वारा 1 जुलाई 2025 से अब तक किये सेवा कार्यो की जानकारी उपलब्ध कराते हुए बताया की क्लब शुरू से ही नगर के साथ ही आसपास के ग्राम में भी जाकर सामाजिक सेवा गतिविधियों को अंजाम दिया जाता रहा है, जिसके लिए कटघोरा क्लब शुरू से ही पूरे डिस्ट्रिक्ट में अपनी एक अलग पहचान बनाई हुए हैं। सभी मंचस्थ अतिथियों के द्वारा क्लब के सभी पूर्व अध्यक्षों का शाल, श्रीफल से सम्मान किया गया। साथ ही सभी चार्टर सदस्यो को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए उनका सम्मान किया व केक काटा गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विजय अग्रवाल ने बताया कि लायन्स क्लब जैसी संस्था समाज सेवा सहयोग ओर मानवीय मूल्यों की ससक्त मिशाल हैं। उन्होंने क्लब के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की, कि यह क्लव सेवा के छेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा। नि:सन्देह कटघोरा क्लब जिस प्रकार से पूरे डिस्ट्रिक्ट में कार्य कर रही है, वह शायद किसी से भी छुपा नही है।डिस्ट्रिक्ट के नए क्लबो को इनसे प्रेंरणा लेनी चाहिए व हर व्यक्ति को समय निकालकर सच्चे मन से समाज हित मे सेवा के कार्य करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि लायन राजेन्द्र तिवारी ने बताया कि निश्चित ही हमे भी गर्व होता है कि ऐसे क्लब हमारे डिस्ट्रिक्ट में है जो कि लगातार किसी ना किसी माध्यम से सेवा के क्षेत्रों में हमेशा सुर्खियों में बने रहते हैं। साथ ही यह भी खुशी की बात है कि इस क्लब के गठन मेरे ही गवर्नर काल मे किया गया था।

## राष्ट्रीय गायन स्पर्धा में भव्य ने बेहतर क्षमता के साथ जीता एक लाख का प्रथम पुरस्कार

**कोरबा।** स्वर्णिम धरोहर लता फाउंडेशन रायपुर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय गायन प्रतियोगिता में छुरी कला कोरबा के भव्य देवांगन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और सुप्रसिद्ध संगीतकार म्यूजिक अरेंजर उत्तम सिंह और पार्श्व एवं ,गजल गायिका श्रीमती मिताली सिंह जी के हाथों प्रशस्ति पत्र और नकद एक लाख रुपए की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया ।

वहीं झारखंड रांची की सोनम पाठक द्वितीय स्थान पर और जगदलपुर की प्रथा दुबे तीसरे स्थान पर रही, गौरतलाप है कि उत्तम सिंह जी के सामने इनकी प्रस्तुति हुई और खूब सराहा गया। भव्य देवांगन के द्वारा गाए हुए राम तेरी गंगा मैली के गीत हुस्न पहाड़ों का ओ साहिबा ने पूरे प्रोग्राम में अपना अलग पहचान बनाया और भूरि भूरि प्रशंसा की गई,भव्य देवांगन ने अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा के इस तरह के मंच से हम छत्तीसगढ़ के रहने वाले बच्चों को आगे बढ़ने का एक सुनहरा मौका एचडीएलएफ ने दिया है इसके लिए हम संस्था के सभी सदस्यों का धन्यवाद और आभार व्यक्त करते हैं।



ज्ञात हो कि भव्य बहुत ही होनहार बालक है जो कि केंद्रीय विद्यालय संगठन दिल्ली द्वारा आयोजित एक भारत श्रेष्ठ भारत, और राष्ट्रीय कला उत्सव के गायन प्रतियोगिता में प्रति भाग करते हुए लगातार प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करता रहा है,यह एक असाधारण प्रतिभा को प्रदर्शित करता है।इसके पूर्व, संसद भवन ,राष्ट्रपति भवन, इसरो बेंगलुरू, ज़ी टीवी सा रे ग म प,सोनी टीवी और और एंड टीवी में भी अपने गायन प्रतिभा से जजों को बहुत प्रभावित किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। यह हमारे कोरबा क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।इस उपलब्धि के लिए केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 एनटीपीसी कोरबा के प्राचार्य श्री एस के साहू, संगीत शिक्षक एवं पिता श्री अशोक देवांगन, श्रीमती अर्चना खरे, श्री कश्यप कुमार मिश्रा,श्री मनीष तिवारी,श्री सुमित कुमार चौधरी,श्री मुरली मनोहर देवांगन, श्रीमती सुमित्रा झा, श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, श्रीमती एम बलहाल, और सभी शिक्षकों ने आशीर्वाद दिया,और भव्य देवांगन के उज्जवल भविष्य की कामनाएं की।

## रिश्तों में अनबन के बीच हत्या, कोर्ट ने दी बड़ी सजा

### कोरबा के ढोढ़ीपारा क्षेत्र में हुई थी वारदात

**कोरबा।** ढोढ़ीपारा भैसखटार इलाके में करीब सवा दो साल पहले हुई हत्या के एक मामले में कोर्ट ने दो युवको को दोषी 'ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है। दो अपराधी एक युवक को दवा दुकान में बुलाकर अपने साथ ले गए। युवक के गले और गीने में राजा से 18 बार चार किया। माथे पर हथौड़ा से मारा। इससे युवक की मौत हो गई थी।

**यह मामला सीएसईबी चौकी अंतर्गत ढोढ़ीपारा पैसखटाल** इलाके में नहर किनारे पथरी के पास हुई थी। 15 अक्टूबर 2023 की रात लगभग नौ बजे किशन साहू अपने दोस्त सूरजभान साहू ऊर्फ शुभम के साथ ढोदीपाग चैयखटाव इलाके में स्थित एक मेडिकल दुकान में दवा लेने गया था। इसी दौरान नवाल इलाके में रहने वाले साम् कर्फ छोटू बाइक से मह जस्थान की यह कहते हु कि इन्हें अकेले में 10 मिनट बातचीत करनी है।स्थान को लेकर भूसखटाल के पास से वाली नहर की ओर चले गए। राह के लगभग 12 बजे किशन माह की जानकारी मिली कि रिक्की गादव और प्रभाकर ही हमला किया है। उसकी हत्या कर ही है। देर रात किशन नहर किनारे पहुंचा तो उसने खुन ने लथपथ सुरजभान को देखा। आनन फानन में ये कोरबा जिला अस्पताल पहुंचाया गया। यहां परीक्षण कर हॉक्टर ने सूरजभान की मृत घोषित कर दिया। मामले में दोष को साबित करने में सीसीटीवी फुटेज और गवाह किशन का बयान रहा महत्वपूर्ण।

## राजयोग और वारियान योग इस बार खास बनाएंगे महाशिवरात्रि को

### कोरबा और आसपास में इस पर्व पर होंगे

**कोरबा।** महाशिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ की विशेष आराधना इस बार 15 फरवरी को की जाएगी। महाशिवरात्रि पर त्रिग्रही के साथ श्रवण नक्षत्र, राजयोग, व्यतिपातयोग, वरियान योग और ध्रुव योग का दुर्लभ संयोग बन रहा है, जो महाशिवरात्रि की पूजा और भी खास बना रहा है। ज्योतिषाचार्य के अनुसार इस योग पर पूजा-अर्चना से भोलेनाथ की विशष कृपा रहती है। फाल्गुन मास की कृष्णपक्ष की तुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की जाएगी। भक्तों में पूजा-अनुष्ठान की जाएगी। मक्ता में पूजा अनशन शिवालयों में महाशिवरात्रि को लेकर तैयारियां तेज कर दी है। पाली के प्राचीन शिव मंदिर, कनकेश्वर धाम सहित अन्य शिवालयों में भक्तों की ओर से खास तैयारियां की जा रही है। मंदिरों को रंग-बिरंगी झालर लाइटों से सुज्जित किया जा रहा है।

यह श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। ज्योतिषाचार्य दशरथ नंदन द्विवेदी ने बताया कि फाल्गुन मास की 15 कृष्णपक्ष की चतुर्दशी तिथि कई से प्रारंभ हो रही है और समापन 16 फरवरी की शाम 5.32 बजे हो रही है। महाशिवरात्रि की पूजा और जागरण रात में की जाती है। इस कारण महाशिवरात्रि का पूजा अनुष्ठान 15 फरवरी को किया जाना श्रेष्ठ होगा। इस दिन सूर्य, बुध और शुक्र एकसाथ होकर त्रिग्रही योग बना रहे हैं। भगवान शिव का सबसे प्रिय श्रवण नक्षत्र भी रहेगा। इसके अलावा राजयोग, व्यतिपातयोग, वरियान योग लावा और ध्रुव योग सहित कई योगों का दुर्लभ संयोग बन रहा है। इस कारण इस बार भगवान शिव की आराधना अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

मान्यता है कि इसी दिन माता पार्वती और भगवान शिव का विवाह हुआ था, जो भक्त इस दिन भोलेनाथ और मा गौरा की पूजा-अर्चना करते हैं। उसकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में सुख-शांति आती है।

भागवतचार्य ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन प्रात: ब्राह्ममुहूर्त में उठकर स्नान करें। साफ वस्त्र पहनकर भगवान शिव का ध्यान करें और व्रत का संकल्प लें। घर या मंदिर में शिवलिंग की स्थापना कर गंगाजल से अभिषेक करें। शिवलिंग पर बेलपत्र, धतूरा भस्म और सफेद पुष्प अर्पित करें। शिवलिंग या शिव प्रतिमा के सामने ध्यान करें। भगवान शिव की विधि विधान से पूजा-अर्चना करा आर्शिवाद लेकर मंगल कामना करें। महाशिवरात्रि पर शहरी क्षेत्र के पावर हाउस रोड नगर पुल के समीप स्थित शिव मंदिर से भगवान भोलेनाथ की बारात निकाली जाएगी। यह पावर हाउस रोड होते हुए दूरपा रोड स्थित काली मंदिर पहुंचेगी। बारात में कलाकारों अद्भुत प्रस्तुति और श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का के झाकी देखने को मिलेगी। यह बारात वाद्य यंत्र, लोक नृत्य कई अन्य आकर्षण के केंद्र होंगे।

## देशभक्ति के साथ चारों युग महाकाव्यों पर आधारित रहा अग्रसेन कन्या महाविद्यालय का वार्षिक उत्सव





**कोरबा ।** श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव अयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने प्रस्तुत किये अनेक कार्यक्रम अयोजित है चार युगों पर नृत्य नाटिका, राजस्थानी, पंजाबी, देश भक्ति व महाकाव्यों पर नाटक का मंचन किया गया ।

श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल व विशिष्ट अतिथियों के द्वारा माता सरस्वती व महाराजा अग्रसेन पूजा अर्चना व दीपप्रज्वलन से किया गया । इस अवसर पर श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार झा ने अपने स्वागत उदबोधन में कहा कि वार्षिक उत्सव की सभी को बधाई देता हूं यह ऐसे सदस्यगण भी है जिन्होंने मातृ शक्ति को आगे बढने वे शिक्षा प्राप्त करें इसके लिए महाविद्यालय बनया गया । श्री अग्रसेन शिक्षण समिति महाविद्यालय के अध्यक्ष सुनील जैन ने अपने उदबोधन में कहा कि वार्षिक उत्सव पर सभी को बधाई देता हूं यह हमारे कार्यकाल का अंतिम प्रडाव चल रहा है दो वर्ष का कार्यकाल कब चला गया पता ही नहीं चला है अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल ने अपने उदबोधन में कहा कि वार्षिक उत्सव सम्मेलन आप सभी को काफी समय से प्रतिक्षा रही होगी शिक्षा के क्षेत्र में जिसे आप योगदान देती है अन्य प्रतिभा को भी निखरे इससे बच्चों का सर्वगिन विकास होता है । पूर्व कैबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने अपने उदबोधन में कहा कि छत्तीसगढ में अग्रवाल समाज काफी अग्रीण है अग्रवाल समाज का विद्यालय, भवन, महाविद्यालय गौशाला है कोरबा में 3.5 एकड जमीन भी मिल गई है जिसमें समाज में अच्छा से अच्छा भवन बने समाज में सभी को मिल कर काम करना चाहिए ।

## उद्यमिता जागरूगता शिविर कार्यक्रम संपन्न



कोरबा । जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कोरबा द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत जिले के युवक-युवतियां/उद्यमियों के लिए स्वयं का सेवा व्यवसाय/उद्यम स्थापना के लिए विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु दिनांक 10.02.2026 को ग्राम पंचायत केराझरिया, विकासखण्ड-पाली में एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित प्रतिभागियों को जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कोरबा के प्रबंधक एवं पीएमएफएमई के डीआरपी द्वारा विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए योजना के तहत उपलब्ध होने वाले सब्सिडी, ऋण सुविधाओं तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया गया।

## ग्राम पंचायतों में लगेगा कृषि चौपाल, किसानों को दी जाएगी योजनाओं की जानकारी

**कोरबा।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने कृषि विभाग को ग्राम पंचायतों में कृषि चौपाल लगाकर किसानों को योजनाओं की जानकारी प्रदान करने, एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों की जानकारी दर्ज करने, पीएम किसान सम्मान निधि से लाभान्वित कराने, खरीफ फसल, दलहन, तिलहन, पाम ऑयल, बागवानी की जानकारी देने तथा खाताधारक किसानों के केसीसी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि चौपाल के आयोजन की जानकारी अधिक से अधिक किसानों को देने, उन्हें शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने तथा पटवारियों की ड्यूटी लगाकर राजस्व से संबंधित समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री दुदावत ने ग्रीष्म ऋतु में भू-जल स्तर में गिरावट को नियंत्रित करने तथा सिंचाई हेतु पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने पंचायत, जल संसाधन, वन सहित अन्य विभागों को निर्देशित किया कि वे निर्मित जल संरचनाओं की जानकारी जलशक्ति/जलभागीदारी पोर्टल में अपलोड करना सुनिश्चित करें। उन्होंने इच्छुक किसानों को चिन्हित कर डबरी निर्माण की स्वीकृति देने, बिल्डरों की कॉलोनी एवं पीएम आवास आदि में रेन वाटर हार्वेस्टिंग पीट निर्माण को बढ़ावा देने तथा पोर्टल में जानकारी अपलोड करने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्री दुदावत ने फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा करते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय, मुख्यमंत्री जनदर्शन, पीजीएन जनशिकायत, मानव अधिकार आयोग, कलेक्टर जनदर्शन से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि लंबित पत्रों का परीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए और संबंधित पक्ष को सूचित किया जाए।शासन के निर्देशानुसार सभी विभागों में आधार-फेस आधारित बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम में ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य है। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को समय पर कार्यालय पहुँचने और अधीनस्थ कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन एंट्री में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एनआईसी अधिकारी को प्रतिदिन की उपस्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए।बैठक में कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य केंद्र (हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर आयुष्मान, वयोवंदन कार्ड, आभा आईडी बनाने के साथ ही पर्याप्त चिकित्सकीय अमला की ड्यूटी लगाई जाए तथा सिकलसेल, गैर-संचारी रोग, डायबिटीज, हाइपरटेंशन की शत-प्रतिशत जांच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के भी निर्देश दिए।कलेक्टर ने नगरीय निकायों तथा जनपद पंचायतों को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) तथा ग्रामीण आवास 2.0 के स्वीकृत सभी आवासों के कार्य प्रारंभ करने तथा प्रगतिरत आवास पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

## इंटरनेट दिवस पर साइबर अपराध से बचने के टिप्स दिए विशेषज्ञों ने



### पीपीटी के माध्यम से दी गई जानकारी

**कोरबा।** सुरक्षित एवं जिम्मेदार डिजिटल उपयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सुरक्षित इंटरनेट दिवस का आयोजन आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, कोरबा में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने की। एनआईसी अधिकारी श्री हेमंत जायसवाल ने पीपीटी के माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग, साइबर खतरों से बचाव तथा डिजिटल सतर्कता के महत्व की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम के दौरान जिला आईटी टीम द्वारा सुरक्षित इंटरनेट दिवस के संबंध में पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से इंटरनेट सुरक्षा, साइबर जागरूकता, डेटा गोपनीयता, सोशल मीडिया सुरक्षा तथा बच्चों और संवेदनशील वर्गों की ऑनलाइन सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। टीम ने बताया कि सेफर इंटरनेट डे हर वर्ष फरवरी के दूसरे मंगलवार को विश्वभर में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य उपयोगकर्ताओं को इंटरनेट और एआई के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरूक करना है।

कलेक्टर श्री दुदावत ने साइबर अपराधों से सतर्क रहने की विशेष अपील करते हुए कहा कि साइबर ठगी का शिकार कोई भी हो सकता है, अत: किसी भी अनजान लिंक, कॉल या संदिग्ध संदेश पर विश्वास न करें तथा किसी के साथ ओटीपी या व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। उन्होंने नागरिकों को किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल या टोल-फ्री नंबर 1930 पर तुरंत रिपोर्ट करने की सलाह दी। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को साइबर अपराधों की पहचान, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार और सरकारी रिपोर्टिंग तंत्र की जानकारी देकर डिजिटल सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में प्रशासन की प्रतिबद्धता को दोहराया गया।कार्यक्रम के दौरान भारतीय मानक ब्यूरो, छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा भी अपनी गतिविधियों एवं मानकों से संबंधित जानकारी प्रस्तुत की गई।इस अवसर पर निगम आयुक्त श्री आशुतोष पांडेय, जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश कुमार नाग, अपर कलेक्टर श्री देवेंद्र पटेल, एसडीएम कटघोरा श्री तन्मय खन्ना, सहायक कलेक्टर श्री क्षितिज गुरभेले, जिला एनआईसी अधिकारी श्री हेमंत जायसवाल, ईडीएम सुश्री शिखा राजपूत, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जीवनभर साथ निभाने का संकल्प लिया 260 जोड़ों ने

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ शासन की जनकल्याणकारी मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत आज कोरबा जिला सामाजिक समरसता, संवेदनशील शासन और समावेशी विकास का साक्षी बना। जिला मुख्यालय स्थित सीएसईबी फुटबॉल ग्राउंड में आयोजित भव्य सामूहिक विवाह समारोह में जिले के 260 जोड़ों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों एवं विधि-विधान के साथ वैवाहिक जीवन में प्रवेश किया।इस ऐतिहासिक अवसर को और अधिक गरिमामय बनाते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए और सभी नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके सुखी, समृद्ध एवं सफल दांपत्य जीवन की मंगलकामना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संदेश में कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह को सम्मानपूर्वक सम्पन्न कराने की दिशा में राज्य शासन की एक महत्वपूर्ण पहल है।कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के उद्योग, आबकारी एवं श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में राज्य सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना सामाजिक समानता, बेटियों के सम्मान और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को संबल देने का सशक्त माध्यम है।मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि शासन का निरंतर प्रयास है कि योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। इसी सोच के अनुरूप आज राज्य की लगभग 70 लाख महिलाएं महतारी



वंदन योजना से लाभान्वित हो रही हैं, जिससे उन्हें आर्थिक मजबूती मिली है और वे आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हुई हैं। उन्होंने सभी नवदंपत्तियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कटघोरा विधायक श्री प्रेमचंद पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि यह आयोजन एक शुभ अवसर है, जिसमें एक साथ अनेक परिवारों के जीवन में खुशियों की नई शुरुआत हो रही है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन का उद्देश्य है कि आर्थिक कारणों से किसी भी परिवार को अपनी बेटी के विवाह को लेकर किसी प्रकार की चिंता न हो। उन्होंने सभी नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके सुखी एवं सफल दांपत्य जीवन की कामना की।महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक न्याय की दिशा में छत्तीसगढ़ शासन की एक महत्वपूर्ण पहल है। सरकार जनकल्याण को प्राथमिकता देते हुए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर रही है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना इसी सोच का परिणाम है, जिससे बेटियों के विवाह सम्मानपूर्वक सम्पन्न हो रहे हैं।प्रत्येक नववधू को मिली 50 हजार रुपये की सहायता राशिउल्लेखनीय है कि कोरबा जिले में आयोजित इस सामूहिक विवाह समारोह में कुल 260 नवविवाहित जोड़ों को विवाह सम्पन्न होने के पश्चात 35-35 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री श्री लखनलाल देवांगन द्वारा नवदंपत्तियों को सहायता राशि का चेक वितरित किया गया। इसके साथ ही उन्हें प्रणाम पत्र तथा विवाह की स्मृति स्वरूप फोटोग्राफ भी प्रदान की गई। योजना के तहत प्रत्येक नववधु को कुल 50 हजार रुपए की सहायता प्रदान की जाती है। 35 हजार रूपये का चेक अथवा बैंक ड्राफ्ट सीधे कन्या को दिया जाता है, जबकि 7 हजार रूपये वर-वधु के परिधान एवं श्रृंगार सामग्री तथा 8 हजार रुपये विवाह समारोह के आयोजन पर व्यय किए जाते है। इस योजना का लाभ गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले अथवा मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना के पात्र परिवारों को दिया जाता है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का उद्देश्य समाज में फिजूलखर्ची पर रोक, बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं पर अंकुश लगाना तथा गरीब परिवारों की बेटियों की विदाई सम्मान और गरिमा के साथ सुनिश्चित करना है

# तीन बार कोर सैंपल लैब में हो चुका फेल नगरीय प्रशासन विभाग का आदेश भी दरकिनार

## गौरव पथ निर्माण में अनियमितता करने वालों को अभयदान

**जांजगीर/सक्ती।** नगर पंचायत में निर्मित गौरव - पथ निर्माण में अनियमितता को लेकर न विभाग ने नगर पंचायत के तीन पूर्व - सीएमओ, इंजीनियर सहित ठेकेदार को जिम्मेदार ठहराते हुए कार्रवाई करने की अनुशंसा की जा चुकी है। बता दें, नगर पंचायत डभरा में थाना चौक से शासकीय स्नातक महाविद्यालय मोड़ तक लगभग 10 - करोड़ से अधिक राशि से गौरव पथ - का निर्माण कराया गया है। जिसकी शिकायत पूर्व भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष हेमंत पटेल द्वारा 24 मार्च 2025 को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग एवं नगरीय प्रशासन मंत्री जिला कलेक्टर सक्ती के साथ लगातार विभागीय उच्च अधिकारियों से की गई। जिसमें नगर पंचायत के इंजीनियर और ठेकेदार ने मिलकर गौरव पथ निर्माण में जमकर अनियमिततता की। निर्धारित मापदंडों के अनुसार ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य नहीं कराया गया। जिसकी शिकायत होने पर टीम गठित कर तीन बार कोर सैंपल लेकर जांच कराया गया जिसमे हर कोर सैंपल जांच में निर्माण कार्य स्तरहीन पाया गया और तीनों बार कोर सैंपल लैब में फैल हुआ। इस मामले पर संचालनालय नगरीय प्रशासन विभाग रायपुर से आदेश जारी हुआ है जिसमें पूर्व मुख्य नगर पालिका अधिकारी, इंजीनियर और ठेकेदार मैसर्स श्री बालाजी कंस्ट्रक्शन कंस्ट्रक्शन को जिम्मेदार ठहराया है और उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई किए जाने निर्देशित किया है, परंतु आज तक नगर पंचायत डभरा के वर्तमान सीएमओ आनंद राय के द्वारा ठेकेदार

के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई है। बल्कि ठेकेदार से साठगांठ कर स्तरहीन गौरव पथ सड़क निर्माण कार्य को लेनदेन कर रफा दफा करने का मामला सामने आ रहा है। गौरव पथ सड़क उखड़ रही है। नगर पंचायत द्वारा आज तक कोर सैंपल में फैल गौरव पथ सड़क मार्ग को उखाड़ कर नया नहीं बनाया गया है। आज तक नगर पंचायत द्वारा ठेकेदार के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई है जो समझ से परे है। नग्र पंचायत के सीएमओ के कार्यशैली से कई तरह के प्रश्न उठ रहे हैं। इस बारे में भाजपा युवा मोर्चा जांजगीर-चांपा के पूर्व अध्यक्ष हेमंत पटेल ने कहा कि नगर पंचायत डभरा में 9 करोड़ की राशि से

गौरव पथ सड़क निर्माण कार्य कराया ज गया है जो स्तरहीन है। ठेकेदार के क द्वारा गुणवत्ताविहीन निर्माण कराया गया है, गौरव पथ सड़क निर्माण कार्य में भारी गड़बड़ी की गई है। सड़क में जगह-जगह दरारें पड़ चुकी है। विभाग द्वारा अलग अलग जगहों से तीन बार कोर सैंपल जांच करने के बाद भी तीनों बार कोर टेस्टिंग फेल हो गया है। इसके बाद भी आज तक नगर पंचायत के सीएमओ द्वारा ठेकेदार के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई नहीं किया गया है। घटिया गौरव पथ सड़क को उखाड़ कर नया गौरव पथ सड़क निर्माण कराने एवं दोषी ठेकेदार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

## सामुदायिक भवन का अनुबंध निरस्त करने की उठी मांग

***जांजगीर-चांपा।** शहर में सामुदायिक भवनों को नगरपालिका के द्वारा बिना पीआईसी और परिषद के सदस्यों के बिना जानकारी किराए पर दिए जाने को लेकर पार्षदों में नाराजगी है। इसको लेकर बीजेपी पार्षदों ने सीएमओ को ज्ञापन सौंपकर किराए में दिए गए सामुदायिक भवनों का एग्रीमेंट निरस्त करने की मांग की है। सीएमओ को सौंपे ज्ञापन में पार्षदों ने मांग की है कि नपा जांजगीर-नैला के वार्ड क्रमांक 21, 22, 24 और 25 अनु. जाति आरक्षित वार्ड है। इन सभी वार्डों में अधिकांश मजदूर, किसान और रोज कमाने-खाने वाले निवास करते हैं। ऐसे में वार्ड क्रमांक 24 में स्थित सामुदायिक भवन में सभी पारिवारिक कार्य करते हैं। जैसे शादी, दशगात्र या अन्य सामाजिक कार्य इसी भवन में संपन्न होते हैं। जिसे नगरपालिका के द्वारा बिना पीईसी या परिषद के सदस्यों को बिना जानकारी दिए किराए पर देने का अनुबंध कर लिया है। ऐसे में किराया अनुबंध को तत्काल निरस्त करने की मांग सीएमओ से की गई है। इधर नगरपालिका में बीजेपी की शहर सरकार हैं। ऐसे में सत्ता पक्ष के ही पार्षदों को इस तरह आवेदन सौंपे जाने को लेकर राजनीति सरगर्मी भी तेज हो गई है कि अपनी ही शहर सरकार होने के बावजूद उन्हें इस तरह का कदम उठाना पड़ रहा है।*

### नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड के डायरेक्ट सेल सेंटर का हुआ शुभारंभ

**अकलतरा।** नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड के क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर के द्वारा आयोजित किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम के अवसर पर एनएफएल डायरेक्ट सेल सेंटर अकलतरा का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में जिले के लगभग 70 किसानों ने सहभागिता की। उद्घाटन अवसर पर एनएफएल छत्तीसगढ़ के राज्य प्रबंधक सुभाष गुप्ता ने केंद्र का शुभारंभ करते हुए बताया कि केंद्र के माध्यम से किसानों को बीज, उर्वरक, कीटनाशक और अन्य कृषि इनपुट्स सही दाम, सही जानकारी और सही समय पर उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य केवल उत्पाद बेचना नहीं, बल्कि किसानों को संतुलित, वैज्ञानिक और आधुनिक सोती के तरीकों से लाभान्वित करना और उनकी आय बढ़ाने में सहयोग करना है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रबंधक बिलासपुर निशिरंजन दास और जांजगीर-चांपा जिला प्रभारी राहुल मेवाड़ा तथा जिला प्रभारी भैया लाल पटेल उपस्थित रहे। उन्होंने किसानों को वैज्ञानिक खेती अपनाने, लागत कम करने और उत्पादन बढ़ाने के प्रभावी उपाय बताए। कृषि विभाग अकलतरा के जाटव ने किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, संतुलित उर्वरक उपयोग और फसलों में जैव उर्वरक के प्रयोग से होने वाले लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### ट्रक बारातियों पर चढ़ा

**जांजगीर-चांपा।** जिले के घिवरा गांव में मंगलवार रात एक अनियंत्रित ट्रक ने डीजे पर नाच रहे बारातियों को टक्कर मार दी। इस घटना में चार महिलाएं घायल हो गईं, जिनमें से एक की हालत गंभीर होने पर उसे बिलासपुर रेफर किया गया है। यह घटना बिर्रा थाना क्षेत्र की है। सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के पेंड्रावन से बारात बिर्रा के भाटापारा में रथू देवांगन के घर पहुंची थी। बाराती डीजे की धुन पर नाच रहे थे।इसी दौरान ट्रक ने खड़े बारातियों को टक्कर मार दी।

## मनरेगा के कार्य को समय में पूर्ण करने के साथ कार्यों में लगाये पूर्णता प्रमाण पत्र : कलेक्टर

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर ने महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत संचालित समस्त निर्माण कार्यों में कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मनरेगा अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं निर्धारित 15 मार्च 2026 की समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। निर्माण कार्य के दौरान नियमित निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने कहा कि मनरेगा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका सृजन के साथ-साथ उपयोगी परिसंपत्तियों का निर्माण किया जाना चाहिए। कार्यों की गुणवत्ता जांच हेतु तकनीकी अमले को सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान जल संरक्षण, कृषि, आजीविका के कार्यों को प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जनभागीदारी से सोखता गड्ढा बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत संचालित कार्यों को प्राथमिकता के साथ प्रारंभ करने, लंबे समय से अप्रारंभ आवास कार्यों को शीघ्र शुरू करने तथा निर्धारित समय-सीमा में आवास पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने मनरेगा अंतर्गत पंजीकृत समस्त श्रमिकों का ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं।

## साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय की उपस्थिति में इंटरनेट सुरक्षित दिवस के अवसर पर आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कार्यों में डिजिटल सुरक्षा को मजबूत करना तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को साइबर खतरों के प्रति जागरूक करना है।

कलेक्टर श्री महोबे ने सुरक्षित डिजिटल कार्य को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि कार्यों में उपयोग किए जाने वाले डिजिटल संसाधनों की सुरक्षा प्रत्येक कर्मचारी की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी विभागों को साइबर सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए एवं साइबर अपराधों की बढ़ती प्रवृत्ति पर प्रकाश डालते हुए आम नागरिकों एवं शासकीय कर्मचारियों को सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधों से बचाव हेतु जागरूकता ही सबसे प्रभावी उपाय है तथा किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 अथवा साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

कार्यशाला में ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर श्री सुनील कुमार साहू ने इंटरनेट सुरक्षित दिवस के महत्व, बढ़ते साइबर अपराधों तथा उनसे बचाव के उपायों पर पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी।

### भारतीय थल सेना अग्निवीर भर्ती हेतु पंजीयन प्रारंभ, 01 अप्रैल तक आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय थल सेना में (अग्निवीर) भर्ती द्वारा युवाओं को सहभागिता बढ़ाने हेतु भारतीय वायुसेना अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया 03 फरवरी 2026 से प्रारंभ हो गई है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 01 अप्रैल 2026 रात्रि 11 बजे तक भारतीय थलसेना की वेबसाइट https://agnipath-vayu.cdac पर जाकर अपना पंजीयन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया के अंतर्गत पहले लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षण एवं चिकित्सा परीक्षण होगा। उम्मीदवारों को 10+2 परीक्षा प्रणाली के अंतर्गत न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, साथ ही अंग्रेजी विषय में भी 50 प्रतिशत अंक होना आवश्यक है। भर्ती से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु अभ्यर्थी अपने जिले के रोजगार कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह 10 फरवरी को

**जांजगीर-चाम्पा।** मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना अंतर्गत 10 फरवरी 2026 को जिले के श्री नारायणी सेवा धाम दादी सती मंदिर, लछनपुर में सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि इस अवसर पर जिले के कुल 141 जोड़ों का विवाह विधिवत सम्पन्न कराया जाएगा। शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा नव-दम्पत्तियों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं प्रदान करेंगे। इस दौरान बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत उपस्थितों को जागरूक किया जाएगा।

## जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला आज से

### हाईस्कूल मैदान में तीन दिनों तक होगा आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर के हाईस्कूल मेदान में आयोजित जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला का शुभारंभबुधवार 11 फरवरी को होगा। आयोजन का समापन 13 फरवरी को होगा। इस तीन दिवसीय आयोजन में जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, वहीं कृषि उपकरणों की प्रदर्शनी खास होगी। इसके अलावा मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के झूले और मौत कुंआ के साथ मीना बाजार भी सजने लगा है। जिले के शासकीय हाई स्कूल मैदान, जांजगीर एवं कृषि विज्ञान केंद्र जांजगीर में 11, 12 एवं 13 फरवरी को जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला का आयोजन किया जाएगा। पहले दिन बुधवार 11 फरवरी को हाई स्कूल मैदान, जांजगीर में दोपहर 3.30 बजे से 6 बजे तक जिले के स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। शाम 6 से 8 बजे तक स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति होगी तथा रात्रि 8 बजे से प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी लोक गायक दिलीप षडंगी अपनी प्रस्तुति देंगे। 12 फरवरी को दोपहर 3.30 बजे से स्कूली छात्र-छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम, शाम 6 से 8 बजे तक स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति तथा रात्रि 8 बजे से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें शशिकांत यादव मध्य प्रदेश, डॉ.आदित्य जैन राजस्थान, गौरव चौहान उत्तरप्रदेश, अमित शुक्ला मध्य प्रदेश, प्रीति पाण्डेय उत्तर प्रदेश, अभिषेक पाण्डेय छत्तीसगढ़, मीर अली मीर, छत्तीसगढ़ एवं बंशीधर मिश्रा छत्तीसगढ़ द्वारा कविता पाठ किया जाएगा। 13 फरवरी को दोपहर 3.30 से 5 बजे तक स्कूली छात्र-छात्राओं के

सांस्कृतिक कार्यक्रम, शाम 5 से 6 बजे तक मलखम्भ एवं स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति तथा शाम 6 से 8 बजे तक छत्तीसगढ़ी पारंपरिक लोक गायिका आरू साहू की प्रस्तुति होगी। इसके पश्चात रात्रि 8 बजे से सारेगामा विजेता एवं बॉलीवुड सिंगर इशिता विश्वकर्मा अपनी प्रस्तुति देंगी।

### केवीके में आयोजित होगा खेती किसानी कार्यक्रम

*11 फरवरी को कृषि विज्ञान केंद्र, जांजगीर में प्रात: 10 बजे खेती-किसानी कार्यक्रम का शुभारंभ किसान सम्मेलन के साथ किया जाएगा एवं प्रात: 11 बजे कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 12 फरवरी को प्रात 10 बजे से कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। 13 फरवरी को प्रात: 10 बजे से कृषि यंत्रों का जीवंत प्रदर्शन एवं पशु प्रदर्शनी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिले के शासकीय हाई स्कूल मैदान, जांजगीर एवं कृषि विज्ञान केंद जांजगीर में 11, 12 एवं 13 फरवरी को जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला का आयोजन किया जाएगा। पहले दिल बुधवार 11 फरवरी को हाई स्कूल मैदान, जांजगीर में दोपहर 3.30 बजे से 6 बजे तक स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी। इसके अलावा तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं, स्थानीय कलाकारों, लोक कलाकार, कृषक संगोष्ठी, कृषि यंत्रों के प्रदर्शन एवं पशु प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। कृषि मेला देखने के लिए ना केवल जांजगीर चांपा बल्कि पडोसी जिले बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, सक्ती, बलौदा बाजार व सारेगम जिले से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचते है।*

### मारपीट के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर।** जातिगत गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में फरार चल रहे आरोपी हेमंत कुमार शर्मा , निवासी शिवरीनारायण को थाना अजाक पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय जांजगीर में पेश कर दिया है। घटना गत 28 दिसंबर की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित रवि कुमार गुप्ता अपने साथियों के साथ सीमेंट का खंभा गाड़ने का काम कर रहे थे। इसी दौरान आरोपी पहुंचा और जातिसूचक अश्लील गालियां दीं।

## डोंगिया सुलोनी में संत असंग देव की अमृतवाणी से बहेगी सत्संग की दिव्य धारा

**सक्ती।** सक्ती जिले के ग्राम डोंगिया सुलोनी में आगामी 10 से 12 फरवरी तक सुखद सत्संग अमृत कथा का भव्य एवं आध्यात्मिक आयोजन किया जा रहा है। इस तीन दिवसीय आयोजन में राष्ट्रीय संत असंग देव जी महाराज अपने मुखारविंद से अमृतवाणी की वर्षा कर श्रद्धालुओं को आत्मिक शांति का मार्ग दिखाएंगे।

संत असंग देव जी के ग्राम डोंगिया सुलोनी आगमन पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामकुमार गबेल ने गीता गबेल के साथ मिलकर उनका आत्मीय, गरिमामय एवं जोरदार स्वागत किया। इस आयोजन की संपूर्ण परिकल्पना, व्यवस्था एवं सफल संचालन में गबेल परिवार की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही है।रामकुमार गबेल एवं गीता गबेल ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्वजों के आशीर्वाद और पूज्य गुरुदेव संत श्री असंग देव जी के पावन सानिध्य में यह आयोजन क्षेत्रवासियों के लिए सौभाग्य का विषय है। आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों से सपरिवार सत्संग में पहुंचकर पुण्य लाभ



अर्जित करने की अपील की है।

**सत्संग के साथ सेवा भी—भंडारे की विशेष व्यवस्था**

गबेल परिवार द्वारा बताया गया कि कथा उपरांत प्रतिदिन सायं 7:00 बजे से सभी भक्तजनों के लिए विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही इस अवसर पर गबेल समाज के समाजसेवा में उत्कृष्ट योगदान एवं कबीर पंथ में निष्ठावान सेवा भाव रखने वाले सेवाभावियों का सम्मान भी किया जाएगा।

**समाज सुधार की दिशा में संत असंग देव का प्रभावी योगदान**

संत असंग देव जी केवल प्रवचन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उनके आश्रमों के माध्यम से नशामुक्ति अभियान, समाज सेवा और मानव कल्याण के अनेक कार्य संचालित हो रहे हैं। हजारों परिवारों को व्यसन की गिरफ्त से बाहर निकालकर उन्होंने समाज को नई दिशा दी है। एक व्यसन मुक्त समाज ही राष्ट्र की सच्ची उन्नति का आधार है। सादगी, शुद्ध आचरण और सही जीवन जीने की कला संत असंग देव जी महाराज अपनी सरल वाणी, तार्किक विचार और कबीर पंथी दर्शन के लिए देश-विदेश में प्रसिद्ध हैं। उनके सत्संगों में उमड़ती श्रद्धालुओं की भीड़ इस बात का प्रमाण है कि आज का मानव मानसिक शांति और आत्मिक संतोष की तलाश में है।वे अपने प्रवचनों में नशामुक्ति, शाकाहार और शुद्ध विचारों पर विशेष जोर देते हैं।

**उनका प्रेरक संदेश है—**

जब तक खान-पान शुद्ध नहीं होगा, तब तक विचार भी शुद्ध नहीं हो सकते।

औरभाग्य से ज्यादा और समय से पहले कुछ नहीं मिलता, लेकिन पुरुषार्थ करना मनुष्य का कर्तव्य है।डोंगिया सुलोनी बनेगा आध्यात्मिक चेतना का केंद्रयह सत्संग आयोजन न केवल धार्मिक, बल्कि सामाजिक जागरूकता और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

## जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से आए लोगों ने जनदर्शन में बताई अपनी समस्याएं,70 आवेदन हुए प्राप्त

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर के निर्देशन में अपर कलेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह ठाकुर ने जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएँ एवं मांगों को सुना। उन्होंने प्राप्त आवेदनों का संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आज जनदर्शन में कुल 70 आवेदन प्राप्त हुए है। जनदर्शन में आज तहसील बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरहा निवासी श्रीमती सुनीता कुमारी द्वारा अंत्योदय कार्ड बनवाने, ग्राम पंचायत खोखरा निवासी संतोष कुमार राठौर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभ दिलाने, ग्राम कोसमंदा निवासी शिव कुमार यादव प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलवाने सहित अन्य आवेदकों द्वारा विभिन्न विषयों पर आवेदन प्रस्तुत किये गए।



## डॉ. धनेश्वरी जागृति बनी महिला मोर्चा की जिला महामंत्री

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय के मार्गदर्शन में, महिला



मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती विभा अवस्थी के निर्देशानुसार तथा भाजपा जिलाध्यक्ष अम्बेश जांगड़े की सहमति से महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष संतोषी सिंह द्वारा महिला मोर्चा की जिला पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्यों एवं मंडल अध्यक्षों की सूची की घोषणा की गई। घोषित सूची में पार्टी की कर्मठ, जुझारू महिला नेत्री एवं चिकित्सक डॉ. श्रीमती धनेश्वरी जागृति को भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति की खबर फैलते ही कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला और बधाई देने वालों का सिलसिला शुरू हो गया। अपनी नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए डॉ. श्रीमती धनेश्वरी जागृति ने शीर्ष नेतृत्व एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि जिस जिम्मेदारी के लिए उन्हें चुना गया है, उसे वे पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ निभाने का हर संभव प्रयास करेंगी तथा संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करेंगी।

## शिवरीनारायण मेले में हुआ हादसा आकाश झूले से दो युवतियां घायल

**शिवरीनारायण।** इन दिनों पूरे शबाब पर चले रहे शिवरीनारायण माघी मेले में आकाश झूले का कुर्सी अचानक टूटकर गिर गया। इस दौरान नीचे खड़ी दो युवती उसकी चपेट में आकर घायल हो गई। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल दाखिल कराया गया, जहां एक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

माघी पूर्णिमा से लगने वाला शिवरीनारायण का प्रसिद्ध मेला इन दिनों पूरे शबाब पर है। यहां प्रतिदिन हजारों की तादाद में लोगों की भीड़ पहुंच रही है। मेला में कई तरह के झूले और मनोरंजन के साधन आए हैं। मंगलवार 10 फरवरी को भी मेले में काफी भीड़ थी। शाम करीब 4 बजे नगर पंचायत के सामने संचालित आकाश झूला में एक हादसा हो गया। चलते झूले की एक कुर्सी टूटकर गिर गई। मेला देखने पहुंची ग्राम मल्दा के दो युवती झूले के नीचे खड़ी थी। आकाश झूला की कुर्सी गिर गई, जिससे दोनों गंभीर रुप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। दोनों युवती को आनन फानन - में एम्बुलेंस से शिवरीनारायण के शबरी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। घायल युवती चंद्रकांता कश्यप 15 वर्ष एवं भुमिका कश्यप 21 वर्ष ग्राम मल्दा की निवासी है। भुमिका कश्यप की गंभीर स्थिति को देखते हुए बिलासपुर रिफर किया गया है। इस हादसे ने मेला की सुरक्षा व्यवस्था और झूलों की फिटनेस टेस्ट पर सवाल खड़ा कर दिया है। उल्लेखनीय है कि मेले में मौत कुआ, झूला के साथ कई तरह के साधन आए है। जिसका आनंद देखने लोगों की भीड़ हजारों की संख्या में पहुंच रही है। खास करके मेले में आए झूले और मौत का कुंआ लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र होता है। ऐसे में मंगलवार को हवाई झूला की कुर्सी टूटकर गिरने और दो युवतियों के घायल होने की घटना ने यहां की सुरक्षा व्यवस्था पर निशान लगा दिया है।

## नाबालिग के आरोपी को सश्रम कारावास

**जांजगीर-चांपा।** नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित कया गया है। -उक्त फैसला अपर सत्र न्यायाधीश एफटीएससी रविन्दर कौर ने सुनाया है।

अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार पीडिता के पिता ने 13 अगस्त 2024 को थाना जांजगीर में लिखित शिकायत प्रस्तुत की, कि उसकी नाबालिग पुत्री छात्रावास में रहकर कक्षा दसवी की पढ़ाई कर रही है। इसी दौरान 13 अगस्त को उसकी पुत्री छात्रावास से घर आई हुई थी और रो रही थी तथा उसने प्रार्थी एवं उसकी पत्नी को बताया कि उक्त दिनांक से चार माह पूर्व पीडिता की जान पहचान तिलई निवासी अलेकजेंडर सूर्यवंशी पिता सम्पत सूर्यवंशी उम्र 23 वर्ष से हुई थी। उसने नाबालिग को प्रेमजाल में फंसाकर उससे बातचीत करने लगा था। इस दौरान उसके द्वारा पीडिता को मोबाईल, कपड़े और अन्य उपहार दिये गये है। अभियुक्त ने पीडिता को शादी का प्रलोभन देता था, तब पीडिता उसकी बातों में आ गई। अभियुक्त अपनी मोटर सायकल पर पीडिता को अपने साथ घुमाने के लिए ले गया था और फिर उसके बाद पीडिता को अपने घर ग्राम तिलई लेकर गया था। वहां पर वह पीडिता को शादी करूंगा कहकर उसके दुष्कर्म साथ किया। प्रार्थी की उक्त लिखित शिकायत के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना जांजगीर में धारा 376-26, 506 भारतीय दंड संहिता एवं धारा 6 पाक्सो एक्ट के तहत प्रथम सूचना दर्ज की गयी। तत्पश्चात विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। इस मामले में संपूर्ण साक्ष्य उपरांत अपर सत्र न्यायाधीश एफटीएससी रविन्दर कौर ने आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। इस मामले की पैरवी विशेष लोक अभियोजक पाक्सो चंद्रप्रताप सिंह ने की।

## किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने कृषि विभाग की महत्वपूर्ण पहल

**जांजगीर-चांपा।** खरीफ वर्ष 2026 की खेती को सुचारू एवं समयबद्ध रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा रासायनिक उर्वरकों के अग्रिम उठाव की प्रक्रिया 1 फरवरी से 31 मई 2026 तक प्रारंभ कर दी गई है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य खरीफ मौसम के दौरान किसानों को उर्वरकों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करना, संभावित कमी से बचाव करना तथा वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखना है।

उप संचालक कृषि ने बताया कि खरीफ वर्ष 2026 के लिए कुल 19,700 मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरकों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। निर्धारित लक्ष्य के अंतर्गत यूरिया 9,200 मीट्रिक टन, डीएपी 5,500 मीट्रिक टन, एनपीके 2,500 मीट्रिक टन, एमओपी 500 मीट्रिक टन तथा एसएसपी 2,000 मीट्रिक टन उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। यह संपूर्ण वितरण सहकारी समितियों के माध्यम से किया जाएगा। किसानों को राहत प्रदान करते हुए यह निर्णय लिया गया है कि 1 फरवरी से 31 मई 2026 तक अग्रिम रूप से उठाए गए रासायनिक उर्वरकों पर सहकारी समितियों द्वारा कृषकों से किसी भी प्रकार का ब्याज अधिभारित नहीं किया जाएगा। इससे किसानों को आर्थिक लाभ मिलेगा और वे बिना अतिरिक्त वित्तीय बोझ के आवश्यक उर्वरक समय रहते प्राप्त कर सकेंगे। उप संचालक कृषि द्वारा जिले के समस्त कृषकों से अपील की गई है कि वे खरीफ वर्ष 2026 हेतु आवश्यक रासायनिक उर्वरकों का अग्रिम उठाव अपनी नजदीकी सहकारी समिति से समय रहते कर लें। इससे खरीफ मौसम के दौरान उर्वरकों की संभावित कमी, अनावश्यक भीड़, वितरण में अव्यवस्था एवं विलंब जैसी समस्याओं से बचा जा सकेगा। कृषि विभाग की यह अग्रिम उठाव व्यवस्था किसानों को समय पर खेती की तैयारी करने, फसल उत्पादन में वृद्धि लाने तथा खेती-किसानी को अधिक व्यवस्थित और लाभकारी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। समय पर उर्वरक उपलब्ध होने से किसान खरीफ फसलों की बुवाई एवं पोषण कार्य सुचारु रूप से कर सकेंगे।

## बोर्ड परीक्षा 2026 के सुचारू संचालन हेतु जिला कंट्रोल रूम स्थापित

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा वर्ष 2026 का आयोजन हाई स्कूल परीक्षा 20 फरवरी 2026 तथा हायर सेकेण्डरी परीक्षा 21 फरवरी 2026 से 18 मार्च 2026 तक किया जा रहा है। जिले में बोर्ड परीक्षा के सफल संचालन हेतु कुल 75 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। मुख्य परीक्षा के दौरान विषम परिस्थिति के समाधान, परीक्षा केंद्रों की सतत निगरानी, निरीक्षण एवं आवश्यक समन्वय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। जिला कंट्रोल रूम के संचालन हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है, जिनमे योगेन्द्र शुक्ला व्याख्याता शाउमावि मड़वा 7999879668 प्रभारी अधिकारी होंगे।।

## अनमोल वचन......

हार का डर मत पालो, कोशिश छोड़ना ही असली हार है।

# जन समस्याओं का हल सांत्वना का भ्रम

सालाना बजट आज महज वित्तीय विवरण, कर दरों में हेरफेर, खर्च के लक्ष्यों की घोषणा और जहां-तहां कुछ प्रोत्साहनों के एलान का दस्तावेज भर रह गया है। बुनियादी आर्थिक समस्याओं के हल की बात उसके दायरे से बाहर हो चुकी है। कांग्रेस की राय में केंद्रीय बजट अर्थव्यवस्था की बुनियादी चुनौतियों से आंख मिलाने में नाकाम रहा। दरअसल, पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने तो यहां तक कहा कि वित्त मंत्री ने उन चुनौतियों को सिरे से नजरअंदाज कर दिया। मसलन, अमेरिकी टैरिफ से कारखाना उत्पादकों और निर्यातकों के सामने आई चुनौतियों, व्यापार घाटे, निम्न ग्रॉस फिक्स्ड कैपिटल फॉर्मेशन, एफडीआई की अनिश्चितता, राजकोषीय सेहत में सुधार की धीमी गति, महंगाई के सरकारी आंकड़ों एवं अनुभवजन्य स्थिति में फर्क, लाखों एमएसएमई इकाइयों के बंद होने, बेरोजगारी, और शहरी बुनियादी ढांचे में लगातार गिरावट पर निर्मला सीतारमन ने चुप्पी साध ली। ये आलोचना वाजिब है। यह हकीकत है कि आज सालाना बजट महज वित्तीय विवरण, कर दरों में हेरफेर, खर्च के लक्ष्यों की घोषणा और जहां-तहां कुछ प्रोत्साहनों के एलान का दस्तावेज भर रह गया है। मुक्त बाजार अर्थव्यवस्था जब असल में मोनोपॉली पूंजीवाद का रूप ले चुकी हो, तो बिना उस ढांचे को चुनौती दिए सरकारें अक्सर ढांचागत समस्याओं का हल निकालने में अक्षम हो जाती हैं। नतीजतन, बजट के जरिए शायद ही बाजार में मांग और निजी निवेश की स्थितियां बनाई जा सकती हैं। बिना ऐसा हुए ना तो रोजगार सृजन संभव है, और ना ही मानव विकास या रहन-सहन की बेहतर सूरत बनाना। देसी बाजार में प्रतिस्पर्धा नहीं नहीं होगी, तो भारतीय उत्पादों का अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में टिकने की बात महज एक खामख्याली ही है। बाकी जहां तक व्यापार घाटा, पर्याप्त मात्रा में एफडीआई ना आना या पोर्टफोलियो इन्वेस्टरों के भारत से पैसा निकालने, या रुपये की कीमत मे गिरावट की बात है, तो वे जारी हालात के नतीजे हैं। यथार्थ तो यह है कि लगातार अपनी ताकत कॉरपोरेट सेक्टर को ट्रांसफर करती गई सरकार की अब ऐसे मसलों का हल ढूंढने की काबिलियत अब काफी हद तक क्षीण हो चुकी है। इस हाल में आबादी के कुछ समूहों को नकदी हस्तांतरण कर चुनावी लाभ की योजनाएं शुरू करने से आगे कुछ करने को वह सोच नहीं पाती। उन योजनाओं के जरिए जन समस्याओं का हल करने की सांत्वना का भ्रम वह पैदा करती है। इस बार भी वह इतना ही कर पाई।

## राशिफल

**मेष राशि**-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी रिश्तेदार से आपकी फोन पर बात होगी, जिससे आपको अच्छा लगेगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। महिलाएं आज ऑनलाइन नई डिश सीखने की कोशिश करेंगी। पिता का सहयोग आपके साथ रहेगा।

**वृष राशि**-आपके लिए आज का दिन शुभ है। आज आप कामकाज निपटाने में बहुत हद तक सफल रहेंगे। अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा। आज धैर्य और विनम्रता रखने से लोग आपसे प्रभावित होंगे। आज किसी पुरानी समस्याओं पर दोस्तों से बातचीत हो सकती है इससे आपको अच्छा समाधान मिलेगा। आपकी सलाह से दूसरों को फायदा होगा।

**मिथुन राशि**-आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज किसी नए काम को शुरू करने से पहले पूरी योजना बनाएंगे और साथ ही माता-पिता से सलाह लेंगे। आज सरकारी कामों में नीति व नियमों पर पूरा ध्यान देंगे तो आपको काम करने में आसानी होगी। आज आपको किसी भी कार्य में जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा। अपने जरूरी कामों की सूची बनाएंगे, जिससे काफी हद तक पूरा करने में सफल रहेंगे।

**कर्क राशि**-आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करें। आज पुरानी देनदारी निपटा सकते हैं। आज जीवनसाथी की भावनाओं को समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिल सकती है, धैर्य और समझदारी रखें। आज परिवार के कामों में आपका पैसा लग सकता है।

**सिंह राशि**-आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपके कोर्ट-कचहरी के मामले कागज पूरे न होने से कुछ देर के लिए रुक सकते हैं, लेकिन समय रहते सब ठीक होगा। आज आप जो भी व्यापार शुरू करेंगे, उसमें सफलता हासिल होगी। आज आपको किसी दोस्त का भी सहयोग मिलेगा। परिवार वालों का हंसी-मजाक भरा बरताव घर के वातावरण को खुशनुमा बनाये रखेगा साथ ही आपकी निजी लाइफ बेहतर रहेगी।

**कन्या राशि**-आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आपको किसी के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने की सोच रहे हैं, तो पहले उसके बारे में पूरी जानकारी जरुर कर लें। आज आपके ऊपर परिवार की कुछ जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, जिन्हें आप पूरा करेंगे। सभी लोग आपके द्वारा किए गए कार्यों से काफी खुश नजर आएंगे।

**तुला राशि**-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज किसी मामले में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा। जरूरी काम और रिश्तों के बारे में विचार करेंगे और योजना बनाएंगे। परिवार से जुड़ी परेशानी खत्म होने के योग हैं। आप नए सिरे से कोशिश करेंगे तो आप सफल हो सकते हैं।

**वृश्चिक राशि**-आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ों की राय लेना आपके लिए बेहतर साबित होगी। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे। आज नई जिम्मेदारी आपको मिलेंगी, जिसे आप बखूबी पूरा करने में सफल रहेंगे। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छा मुनाफा होगा।

**धनु राशि**-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज जो भी काम शुरु करेंगे वो समय पर पूरा हो जायेगा। आपको करियर से संबंधित नए अवसर मिलेगा। नए व्यापार को शुरू करने में बड़े भाई का सहयोग मिलेगा। कॉमर्स के विद्यार्थी आज मार्केटिंग को समझने के लिये शिक्षकों की सहायता लेंगे, जो आपके भविष्य में बेहद काम आएंगी।

**मकर राशि**-आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बड़ों की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जायेगा। किसी रिश्तेदार से आपको अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्तों में नयापन आयेगा। सामाजिक कार्यों में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा। भाई-बहन के साथ घर पर मूवी देखने का प्लान बनाएंगे।

**कुंभ राशि**-आज आपका मन नई उमंगों से भरा रहेगा। हर व्यक्ति आपसे राय लेना चाहेगा। ऑफिस के लोगों में आपका रुतबा बनेगा। आज आपको आर्थिक रूप से लाभ मिलेगा, धन के नये स्रोत प्राप्त होंगे। छोटे बच्चे आज बहुत खुश रहेंगे, वो अपने लिये नया खेल तलाश करेंगे। सेहत पहले से बेहतर बनी रहेगी।

**मीन राशि**-आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा, आपकी योजना से लोग काफी प्रभावित होंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आप अपने घर का डेकोरेशन फेस्टिवल के अनुसार करेंगे। आपको अपनी वाणी पर संयम बनाये रखना चाहिए।

# भाजपा में 'नबीन युग' की शुरुआत

//अजीत द्विवेदी//

**भारतीय जनता पार्टी के 12वें अध्यक्ष के रूप में नितिन नबीन की नियुक्ति हो गई है। भाजपा ने संगठन पर्व मना कर उनको अध्यक्ष के पद पर आसीन किया। पिछले महीने 14 दिसंबर को जब उनको कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया उस समय से यह चर्चा चल रही है भाजपा में ये 'नबीन युग' की शुरुआत है। यह एक वर्ड प्ले की तरह है। यहां नए अध्यक्ष के नाम के साथ एक नए युग की शुरुआत का संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन सवाल है कि क्या भाजपा में सचमुच नए अध्यक्ष के साथ नए युग की शुरुआत होगी और दूसरा सवाल यह है कि क्या सचमुच भाजपा का जो अध्यक्ष होता है उसका कोई युग होता है?**

भाजपा के अब तक 11 अध्यक्ष हुए हैं लेकिन सबके कार्यकाल को उसके युग के तौर पर नहीं देखा जाता है। 45 साल पहले जब भाजपा बनी तब से मोटे तौर पर दो ही युग रहे। एक अटल-आडवाणी का युग था और अब मोदी-शाह का युग है। बाकी इनके बीच संक्रमण का काल रहा है। सो, भाजपा में यह मोदी-शाह के युग की ही निरंतरता है। हां, उसमें नितिन नबीन को अपने आप को साबित करना है। उनका कार्यकाल इस बात से साबित होगा कि वे आगे बढ़ कर कितनी चुनौतियां स्वीकार करते हैं और उसको पूरा करने में किस तरह की भूमिका निभाते हैं।

निश्चत रूप से नए अध्यक्ष का चुनाव भाजपा के नए दौर की या नए युग की शुरुआत नहीं है, बल्कि मोदी-शाह युग की निरंतरता है। इसलिए संगठन का कामकाज पहले की तरह ही चलता रहेगा। फिर भी नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने का एक बड़ा संदेश आगे की राजनीति के लिए है। भाजपा ने दिखाया है कि वह आगे की राजनीति के लिए किसी तरह का प्रयोग करने का जोखिम उठाने को तैयार रहती है। यह मामूली फैसला नहीं था कि, जिस नेता के पास संगठन का सामान्य से ज्यादा कोई अनुभव न हो, जिसने पार्टी के राष्ट्रीय संगठन में कोई भूमिका नहीं निभाई हो और अपने राज्य में भी अपने चुनाव क्षेत्र से बाहर की राजनीति में बहुत सीमित काम किया हो उसको सीधे राष्ट्रीय अध्यक्ष बना दिया जाए। भाजपा ने यह किया तो इसका एक बड़ा संदेश भाजपा के नेताओं के लिए था तो साथ साथ राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के लिए भी था।

याद करें कि पिछले तीन साल में राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर कितने तरह के कयास लगाए जा रहे थे। जून 2024 में लोकसभा चुनाव में भाजपा की सीटें कम होकर 240 पर आने के बाद कैसे कहा जा रहा था कि अब राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ तय करेगा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा। संघ की पसंद के तौर पर भाजपा के कई दिग्गज नेताओं के नाम की चर्चा हो रही थी। मोदी और शाह की पसंद के तौर पर भी आधा दर्जन से ज्यादा नेताओं के नाम की चर्चा हो रही थी। लेकिन न तो जिनको संघ की पसंद बनाया जा रहा था वे अध्यक्ष बने और न जो बड़े अनुभवी और संगठन से जुड़े नेता थे वे बने। तभी नितिन नबीन का अध्यक्ष बनना एक चुनौतीपूर्ण और जोखिम वाला फैसला भी है।

नितिन नबीन से ज्यादा चुनौती मोदी और शाह की इसलिए है क्योंकि आगे के चुनाव नतीजों और संगठन के कामकाज के लिए जिम्मेदारी उनके ऊपर ही आयद होगी। इस साल पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। उनकी सफलता और विफलता का आकलन नितिन नबीन के कामकाज से नहीं होगा। भाजपा जीतती है तो उसका श्रेय जरूर नितिन नबीन को भी मिल सकता है लेकिन हार का ठीकरा उनके ऊपर नहीं फूटेगा। न तो विपक्ष उनको जिम्मेदार ठहराएगा और न भाजपा के नेता और कार्यकर्ता उनको जिम्मेदार मानेंगे। संगठन के मामले में मोदी और शाह के अब तक के ज्यादातर फैसले मास्टरस्ट्रोक साबित होते रहे हैं या यूं कहें कि लगातार चुनावी कामयाबी मिल रही है इसलिए संगठन में किसको कहां बैठाया गया यह ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं रह जाता है। यह बात मोटे तौर पर पार्टी संगठन के पदाधिकारियों, प्रदेश अध्यक्षों और भाजपा शासित राज्यों के ज्यादातर मुख्यमंत्रियों के बारे में भी सही है। क्योंकि हर जगह चुनाव मोदी और शाह ही लड़ते दिखते हैं। आने वाले दिनों में भाजपा की इस राजनीति की निरंतरता बनी रहेगी। अब जो काम जेपी नड्डा करते थे वह काम नितिन नबीन करेंगे। गुणात्मक रूप से कुछ भी बदलने नहीं जा रहा है। प्रतीकात्मक रूप से कुछ संदेश जरूर जाएंगे। जैसे एक संदेश अगड़ी जाति के नेता को अध्यक्ष बनाने का है। पिछले 20 साल से भारतीय जनता पार्टी अगड़ा अध्यक्ष चुनती रही है। नितिन नबीन का चुना जाना उस नीति की भी निरंतरता है। नितिन नबीन के जरिए इसका संदेश पूरे देश में होगा। एक प्रतीकात्मक संदेश पश्चिम बंगाल में भी होगा, जहां ब्राह्मण और कायस्थ भद्रलोक पहले लेफ्ट का समर्थक था और अब ममता बनर्जी का समर्थक है।

नितिन नबीन के जरिए दूसरा संदेश युवाओं का है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके अध्यक्ष चुने के बाद के भाषण में कहा कि नितिन नबीन मिलेनियल युवा हैं। उनका जन्म उस साल हुआ था, जिस साल भाजपा का गठन हुआ था। यानी भाजपा के साथ ही 1980 में उनका जन्म हुआ। हालांकि 45 साल का अध्यक्ष बनना भी भाजपा के लिए कोई आश्चर्य की बात नहीं है। अटल बिहारी वाजपेयी जब पहली बार भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष बने थे तब उनकी उम्र 44 साल थी। अमित शाह भी 49 साल की उम्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे और नितिन गडकरी जब अध्यक्ष बने थे तब उनकी उम्र 52 साल थी

इस निरंतरता के बावजूद नितिन नबीन के जरिए भाजपा के कार्यकर्ताओं और नेताओं को यह बताया गया है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष या किसी भी बड़े पद पर पहुंचने के लिए उम्र, अनुभव या पृष्ठभूमि बहुत अहम नहीं है। नितिन नबीन के मामले में उम्र के पहलू पर ज्यादा जोर इसलिए है क्योंकि इस समय कांग्रेस के राहुल गांधी से लेकर देश के ज्यादातर राज्यों की प्रादेशिक पार्टियों का नेतृत्व अपेक्षाकृत युवा नेताओं के हाथ में है या उनके हाथ में आने वाली है। बिहार में 36 साल के तेजस्वी यादव ने कमान संभाल ली है तो झारखंड में 50 साल के हेमंत सोरेन ने पार्टी और सरकार की कमान संभाली है। उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव कमान संभाल चुके हैं। तमिलनाडु में उदयनिधि स्टालिन, पश्चिम बंगाल में अभिषेक बनर्जी, महाराष्ट्र में आदित्य ठाकरे जैसे नेता कमान संभालने वाले हैं। उससे पहले भाजपा ने अपनी तीसरी पीढ़ी के नितिन नबीन को मैदान में उतार दिया है। सो, उम्र का मामला हो या कामकाज के तौर तरीके का उसमें निरंतरता रहेगी। अंत में प्रधानमंत्री ने भी अपने भाषण में कह दिया है कि भाजपा के अध्यक्ष बदलते हैं आदर्श नहीं बदलते। इससे भी जाहिर है कि नीतिगत तौर पर भी कुछ नहीं बदलने वाला है। इसलिए नितिन नबीन की नियुक्ति को भाजपा की मौजूदा राजनीति की निरंतरता के तौर पर ही देखने की जरुरत है।

# विकसित भारत 2047 की ओर स्मार्ट रास्ता

//डॉ. दीपक जायसवाल//

**पीढ़ियों से, भारत के श्रमिकों ने एक पुरानी और टुकड़ों में बंटी श्रम प्रणाली का बोझ उठाया है, जो अक्सर उनके वेतन, सुरक्षा और कार्यस्थल पर गरिमा की रक्षा करने में विफल रही है। असंगठित, संविदा और उभरते गिग क्षेत्रों के करोड़ों श्रमिक नीति-परिदृश्य में अदृश्य रहे हैं और बुनियादी सामाजिक सुरक्षा से वंचित रहे हैं। चार श्रम संहिताएँ इन ऐतिहासिक अन्यायों का सुधार करने के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित प्रयास का प्रतिनिधित्व करती हैं। लगभग तीन दर्जन अलग-अलग कानूनों को एक सुसंगत, एकल ढांचे में लाकर, ये संहिताएँ न्यायसंगत वेतन, सुरक्षित कार्यस्थल और उन लोगों के लिए सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास करती हैं, जो लंबे समय से वंचित रहे हैं। वर्षों के परामर्श और बहस के बाद इनका कार्यान्वयन, श्रमिकों के अधिकारों को मजबूत करने तथा अधिक स्थिर और मानवतापूर्ण रोजगार वातावरण बनाने में निर्णायक क्षण का प्रतीक है।**

एक जिम्मेदार ट्रेड यूनियन संगठन के रूप में, भारतीय ट्रेड यूनियनों का राष्ट्रीय मोर्चा (एनएफआईटीयू), कामगारों की दीर्घकालिक भलाई, गरिमा और सामाजिक सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। मोर्चा दृढ़ता से मानता है कि 12 फरवरी को श्रम संहिताओं के खिलाफ हड़ताल में भाग लेना न तो आवश्यक है और न ही वर्तमान समय में श्रमिक वर्ग के सर्वोत्तम हित में है। श्रम संहिताएं कोई अचानक या एकतरफा हस्तक्षेप नहीं हैं। ये दो दशकों से अधिक समय तक चली सुधार प्रक्रिया का परिणाम हैं। 29 अलग-अलग श्रम कानूनों को चार व्यापक संहिताओं में समेकित करने की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी, ताकि अनुपालन को सरल बनाया जा सके, अस्पष्टता को कम किया जा सके तथा कार्य और रोजगार की बदलती वास्तविकताओं के अनुरूप भारत की श्रम रूपरेखा को आधुनिक बनाया जा सके।

श्रम संहिताओं को पूरी तरह खारिज करना उन मौलिक लाभों की उपेक्षा करता है, जो वे श्रमिकों को प्रदान करने का प्रयास करती हैं। वेतन संहिता सार्वभौमिक न्यूनतम वेतन कवरेज और समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित करती है, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में लंबे समय से मौजूद वेतन सुरक्षा के अंतर को दूर किया जा सकता है। सामाजिक सुरक्षा संहिता, पहली बार, असंगठित, संविदा, गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा की विधायी रूपरेखा तैयार करती है। इन श्रमिकों की संख्या लगभग 40 करोड़ है और पहले ये श्रमिक औपचारिक सुरक्षा व्यवस्था से बाहर थे। ये प्रावधान भारत में श्रमिकों के अधिकारों और सामाजिक सुरक्षा कवरेज का ऐतिहासिक विस्तार प्रस्तुत करते हैं।

औद्योगिक संबंध संहिता तथा पेशे से जुड़ी सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य-परिस्थिति संहिता का उद्देश्य औद्योगिक सद्भाव, तेज विवाद निवारण और सुरक्षित, स्वस्थ व अधिक सम्मानजनक कार्यस्थलों को बढ़ावा देना है। कुछ प्रावधानों को लेकर चिंताएँ हो सकती हैं, अनुभव बताते हैं कि व्यापक विरोध और हड़तालों से शायद ही रचनात्मक परिणाम मिलते हैं। संवाद, नियम-आधारित सुधार और मुद्दा-विशेष पर चर्चा के जरिये श्रमिकों के हित बेहतर तरीके से पूरे किये जा सकते हैं, बजाय इसके कि आपस में टकराव हो, जिससे पारिश्रमिक हानि, उत्पादन में रुकावट और रोजगार असुरक्षा का जोखिम पैदा होता है–विशेष रूप से श्रम बल के सबसे कमजोर वर्गों के लिए। यह दावा करना भी गलत है कि श्रम संहिताएँ बिना परामर्श के लागू की गई हैं। सुधार प्रक्रिया में त्रिपक्षीय चर्चाओं के कई दौर, संसद की स्थायी समितियों में विचार-विमर्श और विभिन्न हितधारकों के साथ संवाद शामिल थे। एक लोकतांत्रिक प्रणाली में, मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन इन्हें बातचीत और संस्थागत संवाद के माध्यम से हल किया जाना चाहिए, न कि उन व्यवधानों के द्वारा जो अंततः स्वयं श्रमिकों को ही नुकसान पहुंचाते हैं।

जब भारतीय अर्थव्यवस्था संरचनात्मक रूपांतरण के दौर से गुजर रही है और राष्ट्र विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ रहा है, श्रमिक संघों को विघटन के बजाय जिम्मेदार कार्रवाई का चयन करना चाहिए। हमारी भूमिका केवल सुधारों का विरोध करना नहीं है, बल्कि उन्हें इस तरह आकार देना है कि श्रमिकों के अधिकार, सामाजिक सुरक्षा और कार्यस्थल पर गरिमा को प्रभावी क्रियान्वयन और सतत सुधार के माध्यम से व्यावहारिक तौर पर मजबूत किया जा सके। श्रमिक संघों की वास्तविक जिम्मेदारी केवल विरोध करना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि मजदूरों को वास्तविक रूप में जमीनी स्तर पर लाभ हो।

अब ध्यान इस बात पर होना चाहिए कि श्रम संहिताओं को न्यायपूर्ण तरीके से लागू किया जाए और इन्हें हर उस मजदूर तक पहुँचाया जाए, जिसे सुरक्षा की आवश्यकता है। हड़ताल की बजाय संवाद, सहयोग और निरंतर सुधार चुनकर, श्रमिक संघ एक ऐसा प्रणाली बनाने में मदद कर सकते हैं, जो श्रमिकों के लिए नौकरी की सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा और गरिमा प्रदान करती हो और साथ ही 2047 तक विकसित भारत की ओर देश की यात्रा का भी समर्थन करती हो।

# हड़ताल श्रमिक अधिकारों को कमजोर करती है

चार नयी श्रम संहिताओं का क्रियान्वयन, भारत की विशाल श्रम शक्ति, विशेष रूप से अनौपचारिक और असंगठित क्षेत्रों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए जीवन यापन में आसानी में सुधार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन सुधारों का उद्देश्य, बिना जटिल उद्योग वर्गीकरण की बाधाओं के, सभी श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी की गारंटी देना है। प्रत्येक श्रमिक के लिए अनिवार्य पहचान पत्र की शुरुआत करते हुए, ये संहिताएं उन्हें सामाजिक सुरक्षा लाभों तक सीधी पहुंच की सुविधा के साथ सशक्त बनाने का प्रयास करती हैं। नियमित और अनिवार्य स्वास्थ्य जांच, श्रमिकों की भलाई में मदद करेंगी, जिससे वे स्वस्थ और अधिक उत्पादक जीवन व्यतीत कर सकेंगे। इसके अलावा, समयबद्ध शिकायत निवारण व्यवस्था, पीड़ित श्रमिकों द्वारा सामना किए जाने वाले मानसिक तनाव और अनिश्चितता को कम करने में सहायता करेगी। समग्र रूप से, ये उपाय भारतीय श्रमिकों के लिए गरिमा, सुरक्षा और समावेशी विकास पर केंद्रित एक प्रगतिशील रूपरेखा का प्रतिनिधित्व करते हैं। हालाँकि, इन सकारात्मक प्रावधानों के बावजूद, राजनीतिक रूप से प्रेरित केंद्रीय श्रमिक संघों (ट्रेड यूनियन) का एक हिस्सा अक्सर हड़ताल के प्रतिकूल प्रभाव पर पूरी तरह विचार किए बिना, हड़ताल पर उतर आता है। ऐसी हड़तालों से विशेष रूप से असंगठित अर्थव्यवस्था के लगभग 38 करोड़ श्रमिकों के पारिश्रमिक को भारी नुकसान होता है, जो अपनी जीविका के लिए दैनिक आय पर निर्भर होते हैं। उनके मुद्दों को हल करने के बजाय, बार-बार होने वाली हड़तालें रचनात्मक और कठोर सामूहिक सौदेबाजी की प्रक्रिया को कमजोर करती हैं, जिससे श्रमिकों और नियोक्ताओं दोनों के लिए न्यायसंगत और संतुलित परिणाम हासिल करने की संभावना कम हो जाती है।

समय के साथ, बार-बार हड़ताल बुलाने का प्रयास न केवल अप्रभावी साबित हुआ है बल्कि इसके परिणाम प्रतिकूल भी रहे हैं। बार-बार होने वाली हड़तालों से श्रमिकों में व्यापक थकान दिखाई पड़ता है, जिससे बड़ी संख्या में श्रमिक ऐसे आह्वान को या तो नजरअंदाज करते हैं या उनमें शामिल नहीं होते हैं। कुछ मामलों में, श्रमिकों के एक छोटे हिस्से को उनकी इच्छा के विपरीत हड़तालों में हिस्सा लेने के लिए मजबूर किया जाता है, जिससे इन आंदोलनों की नैतिक वैधता व सामूहिक ताकत और कमजोर हो जाती है। अंततः, यह प्रवृत्ति श्रमिक कल्याण उपायों के समग्र प्रभाव को कम करती है और श्रमिकों के बीच एकजुटता को कमज़ोर करती है।

हड़तालों के व्यापक परिणाम केवल कार्यस्थल तक सीमित नहीं रहते। औद्योगिक उत्पादन प्रभावित होता है, दैनिक यात्रियों को गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ता है, और सड़क किनारे के विक्रेताओं, घरेलू श्रमिकों और छोटे सेवा प्रदाताओं की आजीविका बाधित हो जाती है। इन श्रमिकों के लिए, केवल एक दिन की आय का नुकसान भी आजीविका संकट पैदा कर सकता है, उन्हें अपनी सीमित बचत को खत्म करने तथा गंभीर आर्थिक असुरक्षा में जाने के लिए मजबूर कर सकता है।भारत जैसी उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं में, श्रमिक संघों (ट्रेड यूनियन) को संवाद, आपसी-बातचीत और नियोक्ताओं तथा सरकार के साथ रचनात्मक सहयोग को प्राथमिकता देनी चाहिए। स्थायी सौदेबाजी और सहयोगात्मक समस्या समाधान पर आधारित एक मॉडल उत्पादन, रोजगार, और समग्र आर्थिक वृद्धि को बाधित किए बिना श्रमिकों की समस्याओं का समाधान कर सकता है। वर्तमान संदर्भ में, भारतीय केंद्रीय श्रमिक संघों को, जो धीरे-धीरे अपना प्रभाव खो रहे हैं, आत्मविश्लेषण करने और अन्यत्र अपनाई जाने वाली अधिक प्रभावी और दूरदर्शी तरीकों को अपनाने की आवश्यकता है। भारतीय श्रमिक को एक समग्र दृष्टिकोण के साथ संगठित किया जाना चाहिए, जो जीवन यापन में आसानी, सामाजिक सुरक्षा और सकारात्मक सहभागिता पर जोर देता हो। विवादों का समाधान टकराव के बजाय संवाद के माध्यम से करना यह सुनिश्चित करेगा कि परिचालन प्रक्रिया बाधित न हो और राष्ट्रीय विकास की गति सुचारू रूप से जारी रहे।

## तस्वीरों की दुनिया



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नई दिल्ली के इंदिरा भवन में डीसीसी अध्यक्षों के ट्रेनिंग प्रोग्राम के दौरान।



निर्दलीय सांसद पप्पू यादव पटना के सिविल कोर्ट में पेश होने के लिए जेल से आए।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में एलओपी राहुल गांधी, पार्टी सांसद जयराम रमेश और अन्य नेता नई दिल्ली में संसद भवन परिसर में एक बैठक में शामिल हुए।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में विधान भवन में राज्य विधानसभा के बजट सत्र में भाग लेने पहुंचे।



नई दिल्ली में बजट सेशन के दौरान अलग-अलग मुद्दों पर राजद सांसदों ने पार्लियामेंट कैंपस में प्रोटेस्ट किया।



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ मुलाकात करते हुए।



रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने नई दिल्ली में सेशेल्स गणराज्य के विदेश मंत्री और प्रवासी बैरी फाउरे और सेशेल्स रक्षा बलों के प्रमुख मेजर जनरल माइकल एंसेलम मार्क रोसेट से मुलाकात की।

# नौ करोड़ के चेक बाउंस मामले में राजपाल यादव तिहाड़ में, मदद को हस्तियों ने बढ़ाए हाथ

**नईदिल्ली, 11 फरवरी [एजेंसी]।**



अपने होम प्रोडक्शन की फिल्म फ्लॉप होने के बाद आर्थिक तंगी के चलते नौ करोड़ के चेक बाउंस मामले में तिहाड़ जेल में बंद बॉलीवुड अभिनेता और मशहूर कॉमेडियन राजपाल यादव की मदद को अभिनेता सोनू सूद, जैम म्यूजिक के प्रोड्यूसर इंद्रजीत सिंह, राजनीतिज्ञ तेज प्रताप यादव समेत कई हस्तियों ने हाथ बढ़ाए हैं। अभिनेता सोनू सूद ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह राजपाल यादव को अपनी अगली फिल्म के लिए साइन कर रहे हैं और साइनिंग राशि को मदद के तौर पर दे रहे हैं। यह आगे मेहनताने में समायोजित हो जाएगी। सूद ने फिल्म निर्माता, निर्देशक, सहयोगियों तथा अन्य लोगों से भी अभिनेता की मदद के लिए आगे आने का अनुरोध किया।

सूद ने लिखा- राजपाल यादव एक प्रतिभाशाली अभिनेता हैं और उन्होंने हमारे उद्योग को वर्षों तक अविस्मरणीय काम दिया है। कभी-कभी समय खराब आता है, यह जीवन का हिस्सा है। हमें उनके साथ खड़ा होना चाहिए। जैम म्यूजिक के प्रोड्यूसर इंद्रजीत सिंह ने राजपाल यादव को एक करोड़ 11 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। उन्होंने एक्स पर लिखा, इंटरनेट मीडिया के माध्यम से हमें राजपाल यादव की पीड़ा के बारे में जानकारी मिली। यह जानकर मन बेहद व्यथित हुआ। राजपाल न केवल एक महान कलाकार हैं, बल्कि एक अच्छे और सच्चे इंसान भी हैं। इस कठिन और दुख की घड़ी में हम सभी का कर्तव्य बनता है कि हम मानवता के नाते उनके और उनके परिवार के साथ खड़े हों। राजनीतिज्ञ लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे और जन शक्ति जनता दल के अध्यक्ष तेज प्रताप यादव ने राजपाल यादव और उनके परिवार को 11 लाख रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की। यादव ने एक्स पर लिखा मेरी पार्टी की सहानुभूति राजपाल यादव के साथ है और एकजुटता से उनके साथ खड़ी है। टीवी कलाकार गुरमीत चौधरी ने कहा कि वह एक वरिष्ठ और अत्यधिक प्रतिभाशाली अभिनेता राजपाल यादव को इस दर्दनाक दौर से गुजरते देखकर दिल टूट गया है। उन्होंने लिखा- राजपाल यादव ने हमें अनगिनत मुस्कानें, हंसी और अविस्मरणीय क्षण दिए हैं। आज, उन्हें हमारी जरूरत है। एक साथी अभिनेता और एक इंसान के रूप में मैं मदद के लिए आगे आ रहा हूं, जितना भी मैं कर सकता हूं करूंगा। मैं सभी निर्माताओं, निर्देशकों और हमारे फिल्म बिरादरी के सदस्यों से विनम्रता से अनुरोध करता हूं कि वह अभिनेता की मदद करें।

# देश के 6 राज्यों में आंधी के साथ तेज बारिश का अलर्ट 40 किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी हवाएं



**नईदिल्ली, 11 फरवरी [एजेंसी]।**

देश के कई हिस्सों में अब ठंड का असर कम होने लगा है, सुबह के समय हल्की ठंड का एहसास होता है लेकिन दोपहर में पारा बढ़ने के साथ ही ठंड का असर खत्म हो जाता है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण कुछ राज्यों में झमाझम बारिश हो सकती है, इससे उत्तर भारत में फिर से मौसम में बदलाव आ सकता है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण 11 फरवरी यानी आज उत्तराखंड हिमाचल और जम्मू कश्मीर में बारिश हो सकती है, इसके साथ ही तापमान भी गिर सकता है। वहीं बर्फबारी की आशंका भी जताई जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार, 13 से 17 फरवरी तक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत को प्रभावित करेंगे।

जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड समिति 6 राज्यों में बारिश और बर्फबारी हो सकती है। इस दौरान आंधी तूफान और बिजली गिरने के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की हवाएं भी चल सकती हैं। पंजाब हरियाणा और चंडीगढ़ में भी बारिश के साथ तेज आंधी और बिजली गिरने की आशंका जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली एनसीआर की बात करें तो 10 से 13 फरवरी तक मौसम ज्यादा साफ रहेगा लेकिन सुबह के समय हल्का कोरा छाया रह सकता है। इस दौरान अधिकतम तापमान 25 डिग्री और न्यूनतम 9 डिग्री तक रह सकता है। पश्चिमी विक्षोभों का उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड पर कुछ खास असर नहीं पड़ेगा या न्यूनतम तापमान 5 से 10 डिग्री के बीच बने रहने की संभावना है वहीं आने वाले दो-तीन दिनों में तापमान 2 से 3 डिग्री तक बढ़ सकता है।

# एआई-डीपफेक पर सरकार सख्त, अब 3 घंटे में हटाना होगा आपत्तिजनक कंटेंट, 20 फरवरी से लागू होंगे नए नियम



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंससे तैयार और डीपफेक कंटेंट को लेकर ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों के लिए कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं। नए प्रविधानों के तहत एक्स, इंस्टाग्राम सहित सभी सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म को किसी सक्षम प्राधिकरण या अदालत द्वारा चिन्हित एआई-जेनरेटेड या सिंथेटिक कंटेंट को अधिकतम तीन घंटे के भीतर हटाना अनिवार्य होगा। यह समयसीमा पहले 36 घंटे थी। इसके साथ ही यूजर्स पर भी जिम्मेदारी डाली गई है। यूजर्स को एआई से तैयार या संशोधित कंटेंट पोस्ट करते समय उसका खुलासा करना होगा, जबकि प्लेटफॉर्म को ऐसी घोषणाओं के सत्यापन के लिए तकनीकी व्यवस्था अपनानी होगी। मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 में संशोधन की अधिसूचना जारी कर दी है। ये नए नियम 20 फरवरी 2026 से प्रभावी होंगे। संशोधन में पहली बार एआई-जेनरेटेड और सिंथेटिक सूचना की औपचारिक परिभाषा दी गई है, जिसमें ऐसे ऑडियो, वीडियो या ऑडियो-विजुअल कंटेंट शामिल हैं जो कृत्रिम रूप से तैयार किए गए हों लेकिन वास्तविक प्रतीत होते हों।

हालांकि सामान्य एडिटिंग, शैक्षणिक उपयोग या डिजाइन संबंधी सद्भावनापूर्ण कार्यों को इससे बाहर रखा गया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि एआई से तैयार कंटेंट को भी सूचना की श्रेणी में माना जाएगा और उस पर वही कानूनी मानक लागू होंगे जो अन्य डिजिटल कंटेंट पर होते हैं। इसके साथ ही यूजर्स की शिकायतों के निस्तारण की समय सीमा भी कम कर दी गई है ताकि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। नए नियमों के अनुसार, जिन प्लेटफॉर्म पर एआई या सिंथेटिक कंटेंट का निर्माण या साझा किया जाता है, उन्हें ऐसी सामग्री पर स्पष्ट और प्रमुख रूप से लेबल लगाना होगा।साथ ही जहां तकनीकी रूप से संभव हो, स्थायी मेटाडाटा या पहचान चिह्न भी जोड़ना अनिवार्य होगा। एक बार लगाए गए लेबल या मेटाडाटा को हटाने या दबाने की अनुमति नहीं होगी। आपत्तिजनक कंटेंट हटाने के लिए ऑटोमेटेड टूल्स लगाएं सरकार ने अवैध, भ्रामक, यौन शोषण से जुड़े, बिना सहमति वाले, फर्जी दस्तावेज, एआई कंटेंट पर रोक लगाने के लिए प्लेटफार्म को ऑटोमेटेड टूल्स (साफ्टवेयर) तैनात करने का भी निर्देश दिया है।

# सीआईसी नियुक्ति विवादः सुप्रीम कोर्ट ने विपक्ष के असहमति नोट के खुलासे से किया इनकार



**नईदिल्ली, 11 फरवरी [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) में मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े मामले में नेता प्रतिपक्ष के असहमति नोट के सार्वजनिक खुलासे का निर्देश देने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि मौजूदा सुनवाई का उद्देश्य केवल रिक्त पदों को भरवाना सुनिश्चित करना है, न कि चयन प्रक्रिया की विस्तृत जांच करना। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत, जस्टिस जोयमल्या बागची और एनवी अंजारिया की पीठ ने केंद्र सरकार से 2019 के अपने फैसले के अनुरूप एक विस्तृत स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। केंद्र की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने अदालत को बताया कि सीआईसी के सभी रिक्त पद भर दिए गए हैं।

याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने दलील दी कि चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती गई और आवेदकों की योग्यता तथा नेता प्रतिपक्ष के असहमति नोट को सार्वजनिक नहीं किया गया। इस पर पीठ ने कहा कि नियुक्त व्यक्तियों के नाम सार्वजनिक डोमेन में हैं और अदालत ट्रायल की तरह इस मामले में नहीं जाएगी। सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सूचना आयोगों (एसआइसी) में रिक्तियों का भी मुद्दा उठाया और राज्यों को चयन प्रक्रिया जल्द पूरी करने के निर्देश दिए। कई राज्यों को दो महीने का समय दिया गया, साथ ही लंबित मामलों को देखते हुए आयोगों की स्वीकृत संख्या बढ़ाने पर भी विचार करने को कहा गया। मामला दो महीने बाद फिर सूचीबद्ध किया जाएगा।

# भारत-चीन में व्यापार से जुड़ी चिंताओं पर चर्चा, सीमावर्ती इलाकों में शांति पर जोर



**नईदिल्ली, 11 फरवरी ।**

भारत और चीन ने व्यापार से जुड़ी चिंताओं को दूर करने के तरीकों पर चर्चा की और रिश्तों में समग्र प्रगति के लिए सीमावर्ती इलाकों में शांति बनाए रखने की अहमियत पर जोर दिया। विदेश सचिव विक्रम मिसरी और उनके चीनी समकक्ष मा झाओक्सू ने आपसी बातचीत में मुख्य रूप से द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर करने और उन्हें फिर से बनाने के लिए उठाए गए कदमों पर ध्यान केंद्रित किया, जो पूर्वी लद्दाख में लगभग चार वर्षों से चल रहे सैन्य गतिरोध के कारण तनावपूर्ण हो गए थे। उन्होंने द्विपक्षीय व्यापार से जुड़े मुद्दों और चिंताओं को दूर करने के लिए राजनीतिक व रणनीतिक तौर पर आगे बढ़ने की जरूरत सहित अपने नेताओं द्वारा दिए गए मार्गदर्शन को अमल में लाने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कई क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की।

## पिछले वित्त वर्ष में 1.39 लाख उद्यमियों को पीएम-सूरज पोर्टल के माध्यम से मिले लोन



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सामाजिक न्याय मंत्री वीरेंद्र कुमार ने मंगलवार को लोकसभा में बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में पीएम सूरज पोर्टल पोर्टल के माध्यम से 1.39 लाख उद्यमियों को 1,389.61 करोड़ रुपये के लोन दिए गए, जबकि एक लाख उद्यमियों को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया था। मंत्री के अनुसार, ये लोन राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम (एनएसएफडीसी), राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम (एनएसकेएफडीसी), राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम (एनबीसीएफडीसी) ने पोर्टल के माध्यम से प्रदान किए गए। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री सामाजिक उत्थान एवं रोजगार आधारित जनकल्याण (पीएम- सूरज) एकीकृत पोर्टल है, जिसका उद्देश्य अनुसूचित जातियों, सफाई कर्मियों, और पिछड़े वर्गों के लोगों को आर्थिक सशक्तीकरण को बढ़ावा देना है।

## अजित पवार की विरासत को संभालकर रखूंगी..., डिप्टी सीएम सुनेत्रा ने पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र की डिप्टी चीफ मिनिस्टर सुनेत्रा पवार ने मंगलवार को अपने पति अजित पवार की मौत के 13 दिन बाद स्टेट सेक्रेटेरिएट में मंत्री का काम संभाला और अपनी पहली कैबिनेट मीटिंग में शामिल हुईं। वह दिन में पहले पुणे से मुंबई पहुंची और सिद्धिविनायक मंदिर और दादर इलाके में चैत्यभूमि पर बीआर अंबेडकर के मेमोरियल पर पूजा-अर्चना की।अपने बड़े बेटे पार्थ पवार के साथ, वह NCP ऑफिस गईं और मंत्रालय जाने से पहले पार्टी के MLA और मंत्रियों से मिलीं। पार्थ के अलावा, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के सीनियर नेता प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे, छगन भुजबल और धनंजय मुंडे, सुनेत्रा के साथ मंत्रालय में डिप्टी CM के ऑफिस गए। बाद में डिप्टी ष्टरूने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में अपनी पहली कैबिनेट मीटिंग में हिस्सा लिया।

# उद्धव ठाकरे से ज्यादा हिंदू हैं सलमान खान, नितेश राणे का तीखा हमला



**नईदिल्ली, 11 फरवरी [एजेंसी]।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में अभिनेता सलमान खान की मौजूदगी राजनीतिक बहस का विषय बन गई है। इस मुद्दे पर विपक्ष के सवालों के बीच महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और भाजपा नेता नितेश राणे ने शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे पर कड़ा हमला बोला है। नितेश राणे ने मंगलवार को कहा कि अभिनेता सलमान खान, उद्धव ठाकरे से अधिक हिंदू हैं। यह टिप्पणी मुंबई में आरएसएस के शताब्दी समारोह में सलमान खान समेत कई फिल्मी सितारों की भागीदारी को लेकर चल रहे विवाद के बीच सामने आई है। इस कार्यक्रम में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने भी संबोधन किया था। राणे ने कहा कि सलमान खान में कम से कम संघ प्रमुख के कार्यक्रम में शामिल होने का साहस तो था। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या उद्धव ठाकरे कभी राहुल गांधी के सामने खुलकर खड़े होने या अपने पिता बालासाहेब ठाकरे को हिंदू हृदय सम्राट कहने का आत्मविश्वास दिखा पाएंगे। इससे पहले शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने संघ के कार्यक्रम में सलमान खान की मौजूदगी पर सवाल उठाए थे।

# भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम की नींव प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि वैश्विक सहयोग : इसरो प्रमुख

**नईदिल्ली, 11 फरवरी [एजेंसी]।**




भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग के सचिव वी. नारायणन ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि भारत का अंतरिक्ष सफर किसी देश से होड़ करने के लिए नहीं, बल्कि आम जनमानस के कल्याण के लिए शुरू हुआ था। भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम की नींव प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि वैश्विक सहयोग है। बेंगलुरु में आयोजित यूएस-इंडिया स्पेस बिजनेस फोरम के उद्घाटन समारोह में उन्होंने भारत के छह दशक लंबे अंतरिक्ष सफर की उपलब्धियों और भविष्य के लक्ष्यों को साझा किया। उन्होंने दोहराया कि अंतरिक्ष पूरी वैश्विक बिरादरी के लिए साझा स्थान है और इसका लाभ दुनिया के हर नागरिक को मिलना चाहिए। इसरो प्रमुख ने ऐतिहासिक तथ्यों को याद करते हुए बताया कि भारत का पहला राकेट 1963 में अमेरिका द्वारा निर्मित था और उसे नासा ने ही उपलब्ध कराया था। नारायणन ने कहा कि भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम की शुरुआत किसी से प्रतिस्पर्धा करने के लिए नहीं, बल्कि आम आदमी के लाभ के लिए उन्नत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी लाने के उद्देश्य से की गई थी।

आज यह केवल भारत ही नहीं, बल्कि वैश्विक समुदाय की सेवा कर रहा है। फोरम में मौजूद 14 अमेरिकी व्यापारिक भागीदारों और प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए इसरो प्रमुख ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच संबंध अब केवल सहायता तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह समान स्तर की साझेदारी में बदल चुके हैं। उन्होंने चंद्रयान मिशनों और निसार उपग्रह का उदाहरण देते हुए इसे केवल तकनीकी नहीं, बल्कि एक भावनात्मक सहयोग करार दिया।

## सीएम हिमंत का कांग्रेस पर पलटवार

# 500 करोड़ रुपये के मानहानि का मुकदमा किया दायर

**असम, 11 फरवरी [एजेंसी]।**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने अपने खिलाफ भूमि कब्जाने के आरोप लगाने को लेकर मंगलवार को कांग्रेस नेताओं के विरुद्ध 500 करोड़ रुपये का मानहानि का मुकदमा दायर किया। मीडिया से बातचीत में सरमा ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से कांग्रेस नेता कह रहे हैं कि मेरे पास 12,000 बीघा बेनामी जमीन है। मैंने अदालत में मुकदमा दायर किया है, ताकि वे अदालत के समक्ष सूची प्रस्तुत कर सकें। यदि वे सूची उपलब्ध नहीं करा पाते हैं तो उन्हें 500 करोड़ रुपये का भुगतान करना होगा।इससे पहले मुख्यमंत्री ने एक्स पर भी मुकदमा दायर करने की जानकारी दी। चार फरवरी को एक संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई ने दावा किया था कि पार्टी की जांच से पता चला है कि राज्यभर में मुख्यमंत्री और उनके परिवार द्वारा लगभग 12,000 बीघा जमीन पर कब्जा किया गया है। इस मुकदमे में कांग्रेस नेता जितेंद्र सिंह और भूपेश बघेल का भी नाम शामिल है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने दावा किया कि राज्य कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई द्वारा बिना वीजा के रावलपिंडी जाने की बात स्वीकार करना यह साबित करता है कि वे पड़ोसी देश में राजकीय अतिथि थे। उनकी यह यात्रा 2013 में हुई थी। गोगोई ने स्वयं कहा है कि वे रावलपिंडी गए थे। चूंकि वे बिना वीजा के गए थे, इसलिए वे पाकिस्तानी सेना या पुलिस की गाड़ी में गए होंगे। मुख्यमंत्री के विवादित वीडियो को लेकर भाजपा के खिलाफ पुलिस में शिकायत असम कांग्रेस ने मंगलवार को मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के विवादित वीडियो को इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने के लिए भाजपा के विरुद्ध पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पार्टी विधायक सिबामोनी बोरा और दिगंता बर्मन ने गुवाहाटी के दिसपुर पुलिस स्टेशन में यह शिकायत दर्ज कराई। असम भाजपा ने शनिवार को अपने आधिकारिक इंटरनेट मीडिया हैंडल पर यह वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें सरमा कथित तौर पर राइफल से दो लोगों पर निशाना साधते और गोली चलाते हुए दिखाई दे रहे हैं। इनमें से एक ने टोपी पहनी हुई थी और दूसरे की दाढ़ी थी।

# भाजपा सांसद संयमित न होते तो चार फरवरी को हो सकती थी संसद में भयावह स्थितिः रिजिजू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने चार फरवरी को लोकसभा में हुए हंगामे के दो वीडियो जारी करते हुए कांग्रेसी सांसदों के आचरण पर सवाल उठाया। किरेन रिजिजू ने कहा, अगर भाजपा सांसदों को संयमित नहीं किया गया होता और उन्हें कांग्रेस सांसदों से भिड़ने की अनुमति दे दी गई होती तो सदन में स्थिति बेहद भयावह हो सकती थी। साथ ही पूछा कि क्या कोई विपक्ष के सदस्यों के व्यवहार को सही ठहरा सकता है। क्या कांग्रेस पार्टी अपने सांसदों के सबसे अपमानजनक व्यवहार पर गर्व महसूस कर रही है। उसी दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देना था, लेकिन हंगामे के चलते वह ऐसा नहीं कर पाए।रिजिजू ने कहा कि भाजपा नेतृत्व का निर्देश स्पष्ट था कि सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्यों को सदन की गरिमा बनाए रखनी है और सत्तारूढ़ पार्टी का कोई भी सांसद असभ्य विपक्षी सांसदों के साथ शारीरिक टकराव नहीं करेगा।

# सस्ता और गुणवत्तापूर्ण तेल जहां मिलेगा, वहीं से आयात जारी रखेगा भारत- सरकार का स्पष्ट संदेश



**नई दिल्ली।** सरकार ने एक संसदीय समिति को सूचित किया कि भारत उन देशों से कच्चा तेल आयात जारी रखेगा, जहां से सस्ता और गुणवत्तापरक तेल मिलेगा, और भारतीय तेल कंपनियां भू-राजनीतिक स्थिति और गैर-प्रतिबंधित स्त्रोतों को ध्यान में रखते हुए तेल की खरीद करेंगी। सूत्रों के अनुसार, विदेश मंत्रालय और वाणिज्य मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों ने कांग्रेस नेता शशि थरूर की अध्यक्षता वाली संसदीय विदेश मामलों की स्थायी समिति को यह जानकारी दी। थरूर ने कहा कि ये बेहद प्रभावी बैठक थी, जो करीब तीन घंटे तक चली और इसमें 28 से 30 सदस्यों ने हिस्सा लिया। उन्होंने बैठक के बाद मीडिया को बताया कि अधिकारियों ने हर सवाल का पूरे विवरण के साथ जवाब दिया। अधिकारियों में विदेश सचिव विक्रम मिसरी भी शामिल थे। थरूर ने बताया कि बैठक का अधिकांश समय भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता और भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता के अलावा तमाम मुद्दों पर केंद्रित रही और खास तौर पर इसमें रूसी तेल और कृषि उत्पादों पर भी चर्चा हुई। ईयू और यूके के बाद, भारत पर सबसे कम टैरिफ लगा है। उन्होंने कहा कि गोपनीयता की वजह से ज्यादा जानकारी साझा नहीं की जा सकती है।

# तलाशी-जब्ती की पूर्व सूचना देने से आइटी अधिकारियों को व्यावहारिक दिक्कतें होंगी : सुप्रीम कोर्ट



**नईदिल्ली, 11 फरवरी [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल युग में जांचकर्ताओं को होने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों पर जोर दिया और कहा कि तलाशी और जब्ती से पहले पूर्व सूचना देने से जांच शुरू होने से पहले ही समाप्त हो सकती है। सुबूत मिटाए जा सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट एक जनहित याचिका की सुनवाई कर रहा था, जिसमें आयकर अधिनियम की धारा 132 के तहत तलाशी और जब्ती शक्तियों के दायरे को यह कहते हुए चुनौती दी गई थी कि इसका दुरुपयोग होने की संभावना है। आयकर अधिनियम की धारा 132 आयकर अधिकारियों को तलाशी लेने और जब्ती करने का अधिकार देती है जब उनके पस इस बात का पर्याप्त सुबूत हो कि किसी व्यक्ति के पास अघोषित आय, संपत्ति या दस्तावेज हैं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जोयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने पीआईएल याचिकाकर्ता विश्वप्रसाद अल्वा के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े द्वारा प्रस्तुतियों को कुछ समय तक सुना और बाद में इसे दो सप्ताह के लिए विचार के लिए स्थगित कर दिया। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि पूर्व नोटिस देने से जांच का उद्देश्य ही विफल हो सकता है क्योंकि इलेक्ट्रानिक साक्ष्य को आसानी से नष्ट किया जा सकता है।

## चुनाव में होने वाले अत्यधिक खर्च पर रोक लगाने के सुझावों पर विचार करें निर्वाचन आयोग, सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

**नई दिल्ली 11 फरवरी।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को चुनाव में होने वाले अत्यधिक खर्च पर अंकुश लगाने के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) में सुझावों को शामिल करने पर विचार करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने जनहित याचिका को एक अभ्यावेदन के रूप में मानने को कहा है।प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जोयमाल्य बागची और जस्टिस एनवी अंजारी की पीठ ने टिप्पणी की कि कोर्ट चुनाव में होने वाले अत्यधिक खर्च पर तीसरे पक्ष की रिपोर्टों पर भरोसा नहीं कर सकता, क्योंकि क्योंकि चुनाव आयोग ने भी इन रिपोर्टों का खंडन किया है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता प्रभाकर देशपांडे एक आईआईटी स्नातक हैं, उनके द्वारा दिए गए सुझाव विचारणीय हैं।

प्रभाकर देशपांडे ने चुनाव आयोग को दोषी उम्मीदवारों के खिलाफ कार्रवाई योजना बनाने और लोकतांत्रिक विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए चुनाव खर्च पर सीमा की पुनः जांच करने के निर्देश देने की मांग की थी। हालांकि, चुनाव आयोग ने अखिल भारतीय सेवाओं से स्वतंत्र व्यय पर्यवेक्षकों की तैनाती सहित अपने मौजूदा निगरानी तंत्रों का बचाव किया, लेकिन पीठ ने कहा कि इन उपायों की प्रभावशीलता के संबंध में याचिकाकर्ता की शिकायतें व्यापक जनहित में दायर की गई हैं।

# केमिकल पीलिंग के बाद ध्यान में रखें ये बातें, त्वचा को नहीं होगा नुकसान

**महिलाएं पिछले साल से त्वचा की देखभाल का एक नया रुझान अपना रही हैं, जिसे केमिकल पीलिंग कहा जाता है। यह एक कॉस्मेटिक उपचार है, जिसमें त्वचा की बाहरी परतों को एक्सफोलिएट करने के लिए एक रासायनिक घोल का उपयोग किया जाता है। इसे ऐसे समझें कि इसके जरिए किसी मास्क की तरह मृत त्वचा हट जाती है। इसके बाद नई और मुलायम त्वचा नजर आती है। इस उपचार के बाद इन बातों का विशेष ध्यान रखना अहम होता है।**



विस्तार से जानें केमिकल पीलिंग का मतलब

केमिकल पीलिंग के दौरान त्वचा पर एक रासायनिक घोल लगाया जाता है, जिसकी मदद से उसकी बाहरी परत हट जाती है। त्वचा की यह पुरानी और क्षतिग्रस्त परत उतरने के बाद नई और स्वस्थ त्वचा उभरती है। यह ज्यादा निखरी, चमकदार, मुलायम और बेदाग होती है। इस उपचार की मदद से महीन रेखाएं, झुर्रियां और झाइयां कम हो जाती हैं। साथ ही यह मुंहासों के दाग, रंजकता और टैनिंग हटाने में भी मदद करता है।

अन्य सक्रीय सामग्रियों का न करें इस्तेमाल

केमिकल पीलिंग के बाद त्वचा बहुत संवेदनशील हो जाती है। ऐसे में आपको कई दिनों तक उस पर कोई अन्य सक्रीय सामग्री इस्तेमाल नहीं करनी चाहिए। इनमें रेटिनोइड्स, एएचए, बीएचए, ग्लाइकोलिक एसिड और सैलिसिलिक एसिड आदि शामिल होते हैं। इन्हें लगाने से नई बनने वाली त्वचा को नुकसान पहुंच सकता है और हाइपरपिग्मेंटेशन जैसी परेशानियां पैदा हो सकती हैं। केमिकल पीलिंग के कुछ दिनों बाद तक केवल मॉइस्चराइजर और सनस्क्रीन ही उपयोग करें।

त्वचा को धूप से रखें सुरक्षित

केमिकल पीलिंग के बाद त्वचा पर बिलकुल धूप न लगने दें। नई त्वचा अल्ट्रा वॉयलेंट किरणों के प्रति बहुत संवेदनशील होती है। इनके संपर्क में आने से जलन पैदा हो सकती है, उपचार में बाधा आ सकती है और रंजकता व टैनिंग का खतरा हो सकता है। अगर आपको इस दौरान सनबर्न हो गया तो गंभीर क्षति हो सकती है और गहरे दाग पड़ सकते हैं। ऐसे में सनस्क्रीन लगाएं, चेहरे को ढकें और दिन में घर पर रहें।

त्वचा को छूने और छीलने की न करें गलती

केमिकल पील का असर कुछ दिनों बाद नजर आता है, क्योंकि त्वचा धीरे-धीरे करके फटती है। हालांकि, बाहरी परत खुद ही उतर जाती है, जिसे छीलने की गलती नहीं करनी चाहिए। मृत त्वचा की परतों को छीलने या नोचने से संक्रमण का खतरा रहता है और आसानी से न हटने वाले निशान पड़ सकते हैं। इस उपचार के बाद अपनी त्वचा को ज्यादा छूने से भी बचें, क्योंकि ऐसा करने से कीटाणु फैल सकते हैं।

मेकअप और अन्य फेशियल उपचारों से करें परहेज

केमिकल पीलिंग के एक या 2 दिन बाद तक आपको मेकअप नहीं लगाना चाहिए। मेकअप उत्पाद उपचार प्रक्रिया को धीमा कर सकते हैं और जलन, खुजली और शुष्कता का कारण बन सकते हैं। इसके अलावा कुछ हफ्तों तक किसी भी प्रकार का अन्य फेशियल उपचार करवाने की गलती भी न करें।

इनमें वैक्सिंग, थ्रेडिंग, फेशियल और लेजर उपचार आदि शामिल होते हैं। ये कॉस्मेटिक उपचार त्वचा में जलन और सूजन पैदा कर सकते हैं।

## अपने किरदार को जीने लगी हूं, ड्रैगन का किरदार निभाने वाली कनिका मान ने खोले किरदार से जुड़े राज

टीवी के पॉपुलर सीरियल गुड्डन तुमसे ना हो पाएगा की कनिका मान एक बार फिर दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार हैं, लेकिन इस बार वह आम इंसान बनकर नहीं, बल्कि ड्रैगन बनकर फैंस का दिल जीतने वाली हैं। अब नागिन 7 में अपनी एंट्री और ड्रैगन के किरदार पर कनिका मान ने कहा कि ड्रैगन का किरदार निभाना उनके लिए सपने जैसा है। कनिका मान ने अपने ड्रैगन के खूंखार किरदार पर बात करते हुए कहा, सीरियल में बीते 12 एपिसोड से ड्रैगन दिखाया जा रहा है और दर्शक पहले से ही उससे कनेक्टेड हैं, लेकिन बस अब नया चेहरा मेरा होने वाला है। मुझे उम्मीद है कि मैं ड्रैगन का किरदार अच्छे से निभा पाऊंगी। ड्रैगन की दुनिया अलग है, लेकिन ड्रैगन बनने से पहले किरदार राधिका के जीवन में कई उतार-चढ़ाव हैं, जो दर्शकों को कनेक्ट करने की कोशिश करेगी। मुझे ड्रैगन के लुक को लेकर सबसे ज्यादा एक्साइटमेंट है क्योंकि वह अलग दुनिया से आता है और मैंने आज तक ऐसा किरदार नहीं निभाया है। उन्होंने आगे कहा, राधिका का किरदार कुछ-कुछ ग्रे शेड्स जैसा है। उसे गुस्सा आता है तो वो गुस्सा करती है और अगर खुश है तो खुश हो जाती है, लेकिन उसे सीमा पार करना भी आता है और यही वजह है कि किरदार थोड़ा निगेटिव हो जाता है, लेकिन मुझे इस किरदार को निभाने में मजा आ रहा है। सीरियल में कुछ एक्शन सीन्स भी देखने को मिलेंगे और उनकी शूटिंग भी बहुत सावधानी से होगी। जिस तरीके का किरदार है, मैं अंदाजा लगा सकती हूं कि बहुत सारे स्टंट शूट होंगे। कनिका का कहना है कि वे हर किरदार से कुछ न कुछ सीखती हैं। अपने नए ड्रैगन के किरदार पर कनिका ने कहा, मेरे लिए ड्रैगन बनना आसान नहीं है, लेकिन उससे ज्यादा मैं राधिका के किरदार से सीख रही हूं। अभी तक मैंने जितने भी रोल किए हैं, उन्हें मैं असल जिंदगी में भी थोड़ा-थोड़ा जीने लगती थी, वैसा ही राधिका के किरदार के साथ हो रहा है क्योंकि मैं उसकी तरह फील करने लगी हूं, उसकी भावनाओं को महसूस करने लगी हूं। मेरे बाकी किरदार बबलीनेस से भरे रहे हैं, लेकिन राधिका और ड्रैगन का किरदार बिल्कुल अलग है। उसका एक सीमित बोलने का तरीका है, चलने का तरीका है। उसके अंदर एक ग्रेस है।



## सुबह की चाय या कॉफी से ज्यादा ऊर्जा दे सकते हैं ये खाद्य पदार्थ



सुबह उठते ही आप सबसे पहला काम क्या करते हैं? ज्यादातर लोग शायद चाय या कॉफी पीते होंगे। ये पेय तरोताजा महसूस करवाते हैं और ऊर्जा देते हैं, जिससे दिन की शुरुआत अच्छी होती है। हालांकि, चाय और कॉफी का नियमित सेवन स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल सकता है। इनके बजाय आप सुबह उठकर इन खाद्य पदार्थों को खान-पान का हिस्सा बना सकते हैं। ये ऊर्जा तो देते ही हैं, साथ ही संपूर्ण स्वास्थ्य का समर्थन भी करते हैं।

केला

केले में प्राकृतिक मिठास और एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो शरीर को ऊर्जा देने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा इस फल में पोटेशियम और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व भी होते हैं। ये मांसपेशियों को आराम देने में सहायता कर सकते हैं और पूरे दिन आपको तरोताजा महसूस करा सकते हैं। इसमें मौजूद फाइबर पाचन स्वास्थ्य को दुरुस्त करता है, जिससे पेट सुबह ही अच्छी तरह साफ हो जाता है।

एवोकाडो

आप सुबह के नाश्ते में एवोकाडो भी खा सकते हैं, जो एक तरह का सुपरफूड है। सुबह इसे खाने से दिन की पोषक तत्वों और फाइबर से भरपूर शुरुआत मिलती है, जो दिमागी क्षमता को बढ़ाती है। इसके सेवन से आपका पेट देर तक भरा रहेगा और आप ज्यादा खाने से भी बच सकेंगे। इसमें मौजूद स्वस्थ वसा कार्बोहाइड्रेट के टूटने की प्रक्रिया को धीमा कर देती है, जिससे ब्लड शुगर का स्तर स्थिर रहता है।

ओट्स

ओट्स प्रोटीन से भरपूर होते हैं, जो सुबह के समय निरंतर ऊर्जा प्रदान कर सकते हैं। इनमें मौजूद घुलनशील फाइबर बीटा-ग्लूकन खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करता है, जिससे हृदय संबंधी बीमारियों को दूर रखने में मदद मिल सकती है। इनमें एंटी-ऑक्सीडेंट भी पाया जाता है, जो शरीर को ऊर्जावान रखने के साथ-साथ इसे आराम देने में सहायता कर सकता है। ओट्स का सेवन करने से भूख भी कम होती है।

बादाम

बादाम में प्रोटीन, फाइबर, विटामिन-श्व और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व होते हैं, जो दिमाग को ऊर्जा देने के साथ-साथ तरोताजा रखने में मदद कर सकते हैं। इनमें अच्छी वसा भी मौजूद होती है, जो मांसपेशियों को आराम देने में सहायक हो सकती है। इसके अलावा बादाम में मौजूद फाइबर पाचन क्रिया को बेहतर बनाने में भी मदद कर सकता है। इसे खाने से त्वचा और बालों की देखभाल में भी मदद मिलती है।

सेब

सुबह एक सेब खाने से आपको प्राकृतिक रूप से ऊर्जा मिल सकती है। इसमें प्राकृतिक मिठास और फाइबर होता है, जो ऊर्जा बढ़ाने का काम करते हैं। इसमें मौजूद फाइबर पाचन क्रिया को बेहतर बनाने के साथ-साथ मांसपेशियों को आराम देने में भी सहायक होता है। इसे डाइट में शामिल करने से ब्लड शुगर नियंत्रित रहता है, वजन घटाने में मदद मिलती है और रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है।



## धनश्री वर्मा का गहरे हरे गाउन में ग्लैमरस लुक हुआ वायरल, तस्वीरें देख फैंस बोले- स्टनिंग ब्यूटी

धनश्री वर्मा ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें शेयर किया है. उनका ये नया फोटोशूट उनके फैशन सेंस और ग्लैमरस अंदाज का बेहतरीन उदाहरण है. गहरे हरे रंग की गाउन जो शॉर्ट फ्रंट और लंबी ट्रेन के साथ डिजाइन की गई है उनके लुक को रॉयल टच दे रही है. गाउन का फिट और फैब्रिक उनके शरीर पर परफेक्ट बैठ रहा है जिससे उनका स्टाइल और भी निखर कर सामने आ रहा है. धनश्री वर्मा ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कुछ बेहद स्टाइलिश और स्टनिंग तस्वीरें शेयर की हैं.इस फोटोशूट में उनका लुक ऐसा है कि देखते ही बन रही है. उन्होंने गहरे हरे रंग की गाउन पहनी है जो शॉर्ट फ्रंट और लंबी ट्रेन के साथ डिजाइन की गई है.गाउन का कट और फैब्रिक उनकी फिगर पर बिल्कुल फिट बैठ रहा है और ये उनके लुक में ग्लैमरस टच जोड़ रहा है.फोल्डेड ट्रेन और डिजाइन उन्हें रॉयल और एलीगेंट लुक दे रहे हैं जो हर नजर को अपनी ओर खींच रहे हैं.धनश्री के बाल सॉफ्ट वेवी स्टाइल में सेट किए गए हैं जिससे उनका चेहरा और भी निखर कर सामने आ रहा है.मेकअप भी बहुत ही सिंपल है. उन्होंने हल्की स्मोकी आईज,सटल लिप कलर और चेहरे पर नैचुरल ग्लो उनके लुक को पूरा कर रहे हैं.शाइनिंग हील्स उनके आउटफिट के साथ परफेक्ट मैच कर रही हैं .फोटोशूट में उनकी पोजिंग भी कमाल की है.धनश्री ने इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, चमकों की दुनिया में कोमल कृपा. इस कैप्शन के साथ फैंस ने भी उन पर खूब प्यार लुटाया है. कमेंट सेक्शन में लोग लिख रहे हैं कि वह बहुत खूबसूरत दिख रही हैं,स्टनिंग ब्यूटी और उनकी ब्यूटी का क्या ही कहना है. उनके फैंस के प्यार और तारीफों ने इस पोस्ट को सोशल मीडिया पर और भी वायरल बना दिया है.

## अनिल कपूर लेकर आए फैमिली बिजनेस नेटफ्लिक्स ने जारी किया धमाकेदार टीजर



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनिल कपूर हर बार कुछ नया करने के लिए जाने जाते हैं। इस बार भी दर्शक उन्हें एक नए और अलग अवतार में देखेंगे, जिसका आधिकारिक ऐलान हो गया है। उनकी आगामी वेब सीरीज का नाम फैमिली बिजनेस है, जिसका निर्माण विक्रम मल्होत्रा, हंसल मेहता और निरेन भट्ट ने मिलकर किया है। नेटफ्लिक्स पर आगामी सीरीज का टीजर जारी किया गया है, जिसमें अनिल के अलावा, विजय वर्मा मुख्य किरदार में दिखाई दिए हैं।

## बॉर्डर 2 के कहर के आगे बेखौफ हुई मर्दानी 3, दूसरे संडे धुआंधार छापे करोड़ों



रानी मुखर्जी ने 30 जनवरी, 2026 को 'मर्दानी 3' के साथ बड़े पर्दे पर अपना लॉन्ग अवेटेड कमबैक किया था. फिल्म में पुलिस ऑफिसर शिवानी शिवाजी रॉय के अपने पॉपुलर किरदार में रानी ने एक बार फिर एक दमदार, सामाजिक थ्रिलर से धमाल मचा दिया है. फिल्म ने पहले हफ्ते में ठीक कमाई की थी और दूसरे वीकेंड पर तो इसने जबरदस्त तेजी दिखाते हुए खूब नोट बटोर लिए. चलिए यहां जानते हैं 'मर्दानी 3' ने रिलीज के 10वें दिन यानी दूसरे संडे को कितना कलेक्शन किया है? रानी मुखर्जी स्टारर फिल्म मर्दानी 3 बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक कमाई कर रही है. बॉक्स ऑफिस पर सनी देओल की वॉर ड्रामा 'बॉर्डर 2' से कड़ी टक्कर का सामना करने के बावजूद, इस कॉप ड्रामा ने दूसरे वीकेंड पर धमाल मचा दिया है. इंडस्ट्री ट्रैकर सैकनिल्क की शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म ने दूसरे संडे को यानी रिलीज के 10वें दिन 4 करोड़ रुपये कमाए हैं. यह बढ़ोतरी, हालांकि मामूली है, लेकिन यह बताता है कि फिल्म को वीकेंड और छुट्टी का फायदा मिला. वहीं 9वें दिन (दूसरे शनिवार) को फिल्म ने लगभग 3.5 करोड़ रुपये कमाए, जो हफ्ते के दिनों के आंकड़ों की तुलना में एक अच्छी बढ़ोतरी है. इससे पहले, मर्दानी 3 ने गुरुवार और शुक्रवार दोनों दिन 1.85 करोड़ रुपये कमाए थे. 10वें दिन 4 करोड़ रुपये के कलेक्शन को मिलाकर, फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन अब लगभग 35.65 करोड़ रुपये हो गया है.मर्दानी 3 को सिनेमाघरों में कड़ी टक्कर मिल रही है.

## शालिनी पांडे और जहान कपूर की कॉमेडी सीरीज बैंडवाले की रिलीज तारीख जारी



विजय देवरकोंडा के साथ अर्जुन रेड्डी से लोकप्रियता हासिल करने वालीं अभिनेत्री शालिनी पांडे अपनी नई वेब सीरीज को लेकर चर्चा में आ गई हैं। उनकी इस म्यूजिकल कॉमेडी सीरीज का नाम बैंडवाले है, जिसे अक्षत वर्मा और अंकुर तिवारी ने निर्देशित किया है। ब्लैक वारेंट वाले जहान कपूर भी सीरीज का हिस्सा हैं, जो दिवंगत अभिनेता शशि कपूर के पोते हैं। ओएमएल एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित बैंडवाले का प्रीमियर भारत सहित 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में होगा।

बैंडवाले अमेजन प्राइम वीडियो की ओरिजनल सीरीज है। इसकी कहानी एक युवा कवयित्री मरियम (शालिनी) के इर्द-गिर्द घूमेगी जो अपनी स्वतंत्रता और आत्म-पहचान की तलाश में गुमनाम रूप से अपनी कविताओं को ऑनलाइन साझा करती है। उसकी जर्नी में उसका साथ रोबो और डीजे साइको देते हैं, जो उसके साथी और सबसे करीबी दोस्त हैं। सीरीज में जाने-माने कंपोजर यशराज मुखाते का संगीत भी शामिल है, जिससे कहानी की भावनात्मक यात्रा को आकार मिलता है।

बैंडवाले वैलेंटाइन से एक दिन पहले, यानी 13 फरवरी को अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देने के लिए तैयार है। इसमें शालिनी और जहान के अलावा स्वानंद किरकिरे, संजना दीपू, आशीष विद्यार्थी और अनुपमा कुमार सहित अन्य सितारे भी शामिल हैं। बता दें, शालिनी को आखिरी बार फिल्म राहु केतु में देखा गया था जो 16 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसमें पुलकित सम्राट और वरुण शर्मा मुख्य किरदार में थे।

## शब्द सामर्थ्य -312

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**

1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सुनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरैया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**

1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 | 4 | ■ | ■ |
| | ■ | 5 | | ■ | 6 | | 7 | ■ |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | | ■ | 11 | |
| ■ | 12 | | ■ | 13 | | 14 | ■ | ■ |
| ■ | 15 | | | ■ | ■ | 16 | 17 | |
| ■ | 18 | | ■ | 19 | | | | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 20 | | ■ | 21 | | ■ |
| ■ | 22 | | | | | | ■ | 23 |
| 24 | | ■ | 25 | | ■ | ■ | 26 | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 311 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | ■ | सा | म | ना | ■ | कै | दी |
| व | ■ | ख | ल | ना | य | क | ■ | वा |
| लं | प | ट | ■ | ना | क | क | ट | ना |
| बी | ■ | प | ■ | ■ | ■ | ड़ी | ■ | प |
| ■ | अ | ट | प | टा | ■ | ■ | शा | न |
| स | ह | ■ | यो | ■ | ■ | र | ति | ■ |
| ह | म | ■ | द | र | ब | द | र | ■ |
| म | क | र | ■ | सी | ल | ■ | ■ | ■ |
| त | ■ | क्षा | ■ | द | वा | खा | ना | ■ |

# जिले में निर्माण कार्यों के समान ही अवैध जंगल कटाई के मामले में आखिर क्यों नहीं हो रही कार्यवाही, पाठक का सवाल



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले के घने जंगलों में हो रही लगातार कटाई को लेकर जिला प्रवक्ता ने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र के बहुमूल्य और घने जंगलों को धीरे-धीरे योजनाबद्ध तरीके से काटा जा रहा है, जबकि संबंधित वन परिक्षेत्र में वनकर्मी लगातार तैनात रहते हैं। इसके बावजूद जंगलों की कटाई जारी रहना कई बड़े सवालों को जन्म देता है।

वन परिक्षेत्र पर आरोप लगाते हुए जिला प्रवक्ता पाठक ने कहा कि यदि वनकर्मी क्षेत्र में नियमित रूप से मौजूद हैं, तो फिर इतनी बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई कैसे हो रही है। यह या तो लापरवाही का मामला है या फिर मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने आगे कहा कि वन विभाग जितनी तेजी निर्माण कार्यों में दिखाता है, उतनी तेजी वह जंगलों को बचाने में नहीं दिखता। विभाग का मूल दायित्व जंगल और वन्य जीवों की सुरक्षा है, लेकिन वर्तमान स्थिति में यह दायित्व कहीं न कहीं कमजोर पड़ता नजर आ रहा है।

पाठक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जल, जंगल और जमीन ही हमारा अस्तित्व हैं। यदि आज वनों की अंधाधुंध कटाई को नहीं रोका गया, तो आने वाली पीढ़ियों को इसके गंभीर दुष्परिणाम भुगतने पड़ेंगे। पर्यावरण असंतुलन, जल संकट और जैव विविधता का नुकसान इसका सीधा परिणाम होगा। जिला प्रवक्ता अविनाश पाठक ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जंगल कटाई पर तत्काल रोक नहीं लगाई गई और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो आने वाले समय में इस पूरे मामले को लेकर उच्च अधिकारियों और संबंधित विभागों में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई जाएगी। फिलहाल यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि वन विभाग इन आरोपों पर क्या जवाब देता है और क्या वास्तव में जंगलों को बचाने के लिए कोई ठोस कदम उठाए जाते हैं या फिर जंगलों की कटाई यूं ही जारी रहेगी।

# व्यापारियों के साथ एसपी का संवाद, अनेक मसलों पर सुझाव के साथ निर्देश दिए





**चिरमिरी।** एमसीबी जिले की पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह आज चिरमिरी प्रवास पर रहीं। इस दौरान उन्होंने स्थानीय व्यापारियों एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना तथा व्यापारियों की समस्याओं और सुझावों को सुनना एवं उन बातों का निराकरण करना। इस मत्वपूर्ण बैठक से पूर्व पुलिस अधिकारियों ने शहर के हृदय स्थल हल्दीबाड़ी का अवोचक निरिक्षण कर सभी बैठक स्थल पर पहुँचे स्थानीय व्यापारियों द्वारा जिले की कप्तान श्रीमती रत्ना सिंह को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। स्थानीय व्यापारिक संगठनों ने पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए कानून व्यवस्था को लेकर सकारात्मक चर्चा की। बैठक के दौरान व्यापारियों ने खुलकर अपनी बात रखी। विशेष रूप से चिरमिरी थाना प्रभारी विजय सिंह की कार्यशैली और सक्रिय पुलिसिंग की सराहना की गई । व्यापारियों ने बताया कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में अपराध नियंत्रण बेहतर हुआ है और असामाजिक तत्वों में कानून का भय बढ़ा है। जिले की महिला कप्तान श्रीमती सिंह ने बैठक में स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नशे के अवैध कारोबार, जुआ और सट्टा जैसे अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगामी दिवस में भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को भयमुक्त और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना पुलिस की पहली प्राथमिकता है। अपने चिरमिरी के दौरे के दौरान पुलिस कप्तान ने हल्दीबाड़ी क्षेत्र का भी निरीक्षण किया और वहां की पार्किंग व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बाजार क्षेत्र में यातायात सुचारु रखने और जाम की स्थिति से बचाव हेतु बेहतर पार्किंग प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरे से स्थानीय व्यापारियों में उत्साह देखा गया और उन्होंने उम्मीद जताई कि पुलिस की सक्रियता से क्षेत्र की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था में और सुधार होगा।

### स्थानीय विधायक जायसवाल रहे मुख्य अतिथि, नवदंपतियों को 35,000 का चेक व 15,000 का श्रृंगार सामग्री भेंट

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 189 जोड़ों का सामूहिक विवाह, महामाया धाम चनवारीदाढ़ में हुआ आयोजन





**एमसीबी/खड़गवां।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत खड़गवां क्षेत्र के चनवारीडांड स्थित मां महामाया धाम में 189 जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह भव्य रूप से संपन्न हुआ। धार्मिक और उत्सवी वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में परिजन, बाराती और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल उपस्थित रहे। उनके साथ अनुविभागीय अधिकारी, स्थानीय सरपंच, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी वर-वधु जोड़ों का पारंपरिक रीति-रिवाजों से विवाह संपन्न कराया गया। विभाग की ओर से प्रत्येक नवदंपति को रू. 35,000 की प्रोत्साहन राशि का चेक तथा लगभग रू.15,000 का श्रृंगार एवं गृहस्थी सामग्री उपहार स्वरूप प्रदान किया गया । मुख्य अतिथि विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि राज्य सरकार बेटियों के हित में निरंतर अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष योजना में विवाह के लिए किसी प्रकार की संख्या सीमा निर्धारित नहीं की गई है । जिन पात्र बेटा-बेटियों को विवाह करना है, वे महिला एवं बाल विकास विभाग से संपर्क कर योजना का लाभ ले सकते हैं। विभाग द्वारा पूरे प्रदेश में बड़ी संख्या में सामूहिक विवाह आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मां महामाया के पावन धाम में सैकड़ों जोड़ों का विवाह होना सौभाग्य की बात है और यह सभी नवदंपतियों के लिए नए जीवन की शुभ शुरुआत है । मां महामाया का आशीर्वाद इन सभी पर बना रहेगा। विधायक जायसवाल ने अपने संबोधन में नवदंपतियों और उपस्थित लोगों से सड़क सुरक्षा को लेकर भी अपील की। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें, क्योंकि सड़क दुर्घटनाओं में अधिकांश मौतें हेलमेट नहीं पहनने के कारण होती हैं। उन्होंने सभी से अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए हेलमेट उपयोग की आदत अपनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि द्वारा कई नवविवाहित जोड़ों को मंच पर चेक और उपहार सामग्री प्रदान कर उनके सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी गईं। समारोह का सफल संचालन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया गया।

### ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ी

**एमसीबी।** छग राज्य में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग नवा रायपुर द्वारा जारी सूचना के अनुसार प्रदेश में संचालित 75 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी अब अधिक समय तक आवेदन कर सकेंगे।

# सोनहत में शिव महापुराण कथा के आयोजन में श्रद्धालुओं ने जारी रूद्राक्ष की महिमा



**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले के सोनहत क्षेत्र में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के वातावरण में निरंतर जारी है। कथा के दूसरे दिन श्रीधाम वृंदावन से पधारे विख्यात कथावाचक आचार्य विनायकांत त्रिपाठी ने भगवान शिव की महिमा का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा का दूसरा दिन विशेष रूप से 'शिवनैवेध रुद्राक्ष महिमा' एवं 'नारद मोह' जैसे गूढ़ और प्रेरणादायी प्रसंगों पर केंद्रित रहा।

आचार्य विनायकांत त्रिपाठी ने अपनी ओजस्वी वाणी, सजीव भाव-भंगिमा और शास्त्रीय संदर्भों से युक्त कथावाचन शैली के माध्यम से शिव भक्ति की गहराइयों को सरल शब्दों में प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि रुद्राक्ष केवल एक बीज नहीं, बल्कि स्वयं भगवान शिव का साक्षात स्वरूप है। शास्त्रों के अनुसार रुद्राक्ष की उत्पत्ति भगवान शिव के अश्रुओं से हुई है, इसलिए इसका धारण करना अत्यंत पुण्यदायी माना गया है। आचार्य श्री ने कहा कि रुद्राक्ष धारण करने से अकाल मृत्यु का भय समाप्त होता है, मानसिक शांति प्राप्त होती है तथा व्यक्ति को रोग, शोक और कष्टों से मुक्ति मिलती है। उन्होंने यह भी बताया कि श्रद्धा और विधि-विधान के साथ रुद्राक्ष धारण करने से साधक को शिव कृपा सहज ही प्राप्त होती है। रुद्राक्ष की महिमा सुनकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और आस्था देखने को मिली। कथा के दूसरे चरण में आचार्य त्रिपाठी ने 'नारद मोह' की अत्यंत रोचक और शिक्षाप्रद कथा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार भगवान विष्णु द्वारा रचित माया के प्रभाव में देवर्षि नारद भी मोहग्रस्त हो जाते हैं। इस प्रसंग के माध्यम से आचार्य ने यह संदेश दिया कि माया से कोई भी अछूता नहीं है और केवल भक्ति ही ऐसा मार्ग है, जो जीव को मोह और अहंकार से मुक्त कर सकता है। कथा ने श्रोताओं को आत्मचिंतन के लिए प्रेरित किया। कथा के दौरान भक्ति संगीत और भजनों की मधुर प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। महिला एवं पुरुष श्रद्धालु भजनों पर भावविभोर होकर नृत्य करते नजर आए। सोनहत सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंचे हैं। कथा स्थल पर भव्य भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। संपूर्ण क्षेत्र में शिव भक्ति और आध्यात्मिक चेतना का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है।

### प्रेमी की जुदाई बर्दाश्त नहीं कर पाई किशोरी, फांसी लगाकर दी जान

**बैकुंठपुर।** जिले में रहने वाली नाबालिग ने तोरवा क्षेत्र में रहने वाले अपने रिश्तेदार घर पर फांसी लगा ली। सुबह स्वजन जब अपने काम में व्यस्त थे तभी किशोरी ने अपनी ही चुन्नी से फंदा बनाकर फांसी लगाई। प्राथमिक पूछताछ में पता चला है कि किशोरी अपने प्रेमी के पास दिल्ली चली गई थी। स्वजन उसे किसी तरह समझाकर घर लाए थे। इसके बाद उसके प्रेमी ने दिल्ली में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी जानकारी मिलने के दूसरे दिन ही किशोरी ने भी आत्मघाती कदम उठा लिया। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है। सीएसपी गगन कुमार ने बताया कि बैकुंठपुर जिले में रहने वाली 16 साल कि किशोरी ने तोरवा में रहने वाली अपनी बुआ के घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराया है।पुलिस की प्राथमिक पूछताछ में पता चला है कि नाबालिग कुछ दिन पहले अपने प्रेमी के साथ दिल्ली चली गई।



# करजी में जिला स्तरीय सरगुजा ओलंपिक का आयोजन

**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में 09 फरवरी 2026 को कोरिया जिले के ग्राम पंचायत करजी (पटना) स्थित खेल मैदान में जिला स्तरीय सरगुजा ओलंपिक 2026 का भव्य एवं गरिमामयी आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भैयालाल राजवाड़े, विधायक एवं पूर्व खेल मंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस खेल महाकुंभ में जिले के विकासखंड बैकुंठपुर एवं सोनहत के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में 14 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं तथा 17 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के महिला एवं पुरुष प्रतिभागियों ने कुल 12 खेल विधाओं—एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, फुटबॉल, हॉकी, कुश्ती, कराते, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल एवं रस्साकस्सी में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजेता एवं प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण-पत्र, मेडल, मोमेंटो, टी-शर्ट, नेकर एवं पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। अपने उद्बोधन में माननीय श्री भैयालाल राजवाड़े ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक एवं मानसिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास एवं टीम भावना का भी विकास करते हैं। ऐसे आयोजन युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# हनुमत महायज्ञ के आयोजन से पहले महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के प्रेम बाग मंदिर परिसर में हनुमान भक्ति, श्रद्धा और सनातन आस्था का अद्भुत संगम एक बार फिर क्षेत्रवासियों को पुण्य लाभ प्रदान करने जा रहा है। देवरहा बाबा सेवा समिति के तत्वावधान में इस वर्ष श्री संकट मोचन हनुमत 7 दिवसीय महायज्ञ का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया जा रहा है। यह महायज्ञ दिनांक 10 फरवरी, दिन मंगलवार से विधिवत प्रारंभ होगा।

महायज्ञ की शुरुआत पावन कलश यात्रा के साथ की गई। जो मंगलवार को प्रातः 11 बजे से प्रेमाबाग शिव मंदिर प्रांगण से निकाली गई। कलश यात्रा आचार्य विक्रम दुबे की उपस्थिति में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, पुरुष, युवा एवं श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों, जयकारों और भक्ति गीतों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। देवरहा बाबा सेवा समिति के शैलेश शिवहरे के अनुसार, यह महायज्ञ लोक कल्याण, क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और संकट निवारण के संकल्प के साथ आयोजित किया जा रहा है। सात दिनों तक चलने वाले इस महायज्ञ में हनुमान जी की विशेष पूजा-अर्चना, हवन, मंत्रोच्चार एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। साथ ही प्रतिदिन प्रवचन एवं भक्ति कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक लाभ प्राप्त होगा। देवरहा बाबा सेवा समिति के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं बैकुंठपुर विधायक भैया लाल राजवाड़े की उपस्थिति तथा देवरहा बाबा सेवा समिति के शैलेश शिवहरे नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के अध्यक्ष नविता शिवहरे, जनपद सदस्य धर्मावती राजवाड़े, अनिल शर्मा, अभय दुबे, शहित हजारों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी इस भव्य कलश यात्रा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए तथा क्षेत्र के सभी क्षेत्रवासियों से इस पावन आयोजन में सपरिवार शामिल होकर पुण्य के भागी बने। समिति का कहना है कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा, आपसी सद्भाव और संस्कारों का विकास होता है। हनुमान भक्तों के लिए यह महायज्ञ आस्था, भक्ति और सेवा का एक अनुपम अवसर है। क्षेत्रवासियों में आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल है और सभी श्रद्धालु बेसब्री से इस दिव्य अनुष्ठान की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

### हाथीपाँव उन्मूलन की दिशा में बड़ा कदम, 18 जिलों में चलेगा व्यापक अभियान

**एमसीबी।** राज्य में हाथीपाँव (फाइलेरियासिस) रोग के उन्मूलन के उद्देश्य से राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत फरवरी 2026 में सामूहिक दवा सेवन अभियान का व्यापक स्तर पर संचालन किया जा रहा है। यह अभियान राज्य के 18 जिलों के 65 विकास खंडों में संचालित होगा, जिसके अंतर्गत लगभग 1.58 करोड़ लाभार्थियों को दवा सेवन कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के तहत 15 जिलों के 58 विकास खंडों में तथा 3 जिलों के 7 विकास खंडों में दवाओं का वितरण किया जाएगा। यह कार्यक्रम 10 से 25 फरवरी 2026 तक चरणबद्ध रूप से संचालित किया जाएगा। 10 से 12 फरवरी तक आंगनबाड़ी, स्कूल, कॉलेज एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों में बूथ लगाकर दवा सेवन कराया जाएगा। 13 से 22 फरवरी तक ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर द्वारा घर-घर भ्रमण कर समुदाय स्तर पर दवा सेवन सुनिश्चित किया जाएगा। 23 से 25 फरवरी तक छूटे हुए लाभार्थियों के लिए मॉप-अप राउंड आयोजित किया जाएगा। साथ ही 10 से 25 फरवरी तक सभी स्वास्थ्य संस्थानों में विशेष कॉर्नर संचालित किए जाएंगे।

### पटना एवं सोनहत में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 100 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न



**कोरिया बैकुंठपुर।** राज्य शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत आज पटना एवं सोनहत में 50-50 जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में कुल 100 नवविवाहित जोड़ों ने विधिवत वैवाहिक बंधन में बंधकर नए जीवन की शुरुआत की। इस अवसर पर विधायक बैकुंठपुर एवं विधायक सोनहत विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही जिला पंचायत सदस्यों, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्य, सरपंच, पंच तथा बड़ी संख्या में सम्माननीय नागरिकों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के साथ-साथ आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहयोग प्रदान करने की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना से बेटियों के विवाह में पारदर्शिता एवं गरिमा बनी रहती है तथा समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। कार्यक्रम के दौरान वैवाहिक परंपराओं के अनुसार समस्त धार्मिक रस्में संपन्न कराई गईं तथा नवदंपत्तियों के सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की गई।

# मैनपाट महोत्सव के तीन दिवसीय आयोजन में लोक कलाकारों को मौका, मिलेगी पहचान

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले का मैनपाट एक प्रमुख हिल स्टेशन है, जिसे अपनी प्राकृतिक सुंदरता, ठंडी जलवायु और तिब्बती संस्कृति के कारण 'छत्तीसगढ़ का शिमला' और 'छोटा तिब्बत' भी कहा जाता है। मैनपाट के रोपाखार जलाशय के समीप आगामी 13 से 15 फरवरी तक तीन दिवसीय 'मैनपाट महोत्सव' का भव्य आयोजन होने जा रहा है। राज्य शासन के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य मैनपाट को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाना तथा स्थानीय लोक कला व संस्कृति का संवर्धन करना है।मुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ और सितारों से सजेगी शाममैनपाट महोत्सव का शुभारंभ 13 फरवरी को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल की अध्यक्षता में होगा। तीन दिनों तक चलने वाले इस सांस्कृतिक महाकुंभ में लोक गीत और आधुनिक संगीत का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। प्रथम दिन 13 फरवरी को भोजपुरी सुपरस्टार मनोज तिवारी अपनी गायकी से दर्शकों का उत्साह बढ़ाएंगे। साथ ही, छत्तीसगढ़ी गायक सुनील सोनी और ओडिशा का प्रसिद्ध छऊ नृत्य लोक संस्कृति की छटा बिखेरेंगे। द्वितीय दिन 14 फरवरी को छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोक गायिका अलका चंद्राकर और 'इंडियन आइडल' फेम वैशाली रायकवार अपनी सुरीली आवाज से शाम को यादगार बनाएंगी। वहीं समापन दिवस 15 फरवरी को महोत्सव का मुख्य आकर्षण बॉलीवुड की मशहूर सिंगर कनिका कपूर होंगी। इसके साथ ही रायगढ़ घराने की कत्थक नृत्यांगना ज्योतिश्री वैष्णव और गायक आयुष नामदेव भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे।साहसिक खेल और स्थानीय जायकामैनपाट महोत्सव केवल संगीत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पर्यटकों के लिए मनोरंजन का पैकेज होगा। महोत्सव स्थल पर एडवेंचर एक्टिविटी में पर्यटकों के लिए बोटिंग, साहसिक खेल और पारंपरिक दंगल का आयोजन किया जाएगा। फूड ज़ोन में सरगुजा के पारंपरिक व्यंजनों के साथ-साथ विभिन्न लजीज पकवानों का आनंद लिया जा सकेगा। प्रदर्शनी एवं मेला में विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा विकास प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जहां शासन की योजनाओं और स्थानीय उत्पादों जैसे टाऊ और तिब्बती हस्तशिल्प का प्रदर्शन होगा।छत्तीसगढ़ का शिमला 'मैनपाट' के प्रमुख आकर्षणअंबिकापुर मुख्यालय से लगभग 75 किलोमीटर दूर स्थित मैनपाट एक बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन है, जोकि समुद्र तल से 3,781 फीट की ऊंचाई पर है। यहाँ के प्रमुख आकर्षणों में बौद्ध मंदिर, टाइगर पॉइंट, मेहता पॉइंट, मछली पॉइंट, और अनोखा जलजली शामिल हैं। यह स्थान तिब्बती संस्कृति, टाऊ की खेती और अद्भुत प्राकृतिक नजारों के लिए प्रसिद्ध है।मैनपाट के प्रमुख दर्शनीय स्थलतिब्बती शरणार्थी शिविर और बौद्ध मंदिर- मैनपाट में 1970 में बसाया गया एक बड़ा तिब्बती समुदाय है, जहां का थाकपो शेडुप्लिंग मठ (कम्प नंबर 3) मुख्य आकर्षण है। टाइगर पॉइंट - 200 फीट की ऊंचाई से गिरने वाला यह वॉटरफॉल (झरना) घने जंगलों से घिरा है। जलजली- यह एक भूगर्भीय आश्चर्य है जहाँ जमीन दलदली है और कूदने पर स्पंज की तरह हिलती है, इसे म्यूजिकल लैंड भी कहते हैं। मछली पॉइंट एक बहुत ही सुंदर झरना और मछली पकड़ने के लिए प्रसिद्ध स्थान है। मेहता पॉइंट-घाटियों के शानदार और मनोरम दृश्य देखने के लिए एक बेहतरीन व्यू पॉइंट। उल्टा पानी- यहाँ का पानी ढलान के विपरीत दिशा में बहता है, जो एक अनसुलझा रहस्य है। सरभंजा जलप्रपात-ग्राम पंचायत से तकरीबन दो किलोमीटर ट्रैकिंग मार्ग से इस प्राकृतिक जलप्रपात तक पहुंचा जा सकता है। जुलाई से मार्च के बीच यहां का मौसम बहुत सुहावना रहता है। जोकि पर्यटकों को आकर्षित करता हैस्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहनजिला प्रशासन द्वारा मंच पर नामी कलाकारों के साथ-साथ स्थानीय स्कूली बच्चों और क्षेत्रीय कलाकारों को भी प्राथमिकता दी गई है, ताकि सरगुजा की माटी की प्रतिभा को उचित मंच मिल और स्थानीय कलाकारों का उत्साहवर्धन भी हो सके।कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में मैनपाट महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। महोत्सव स्थल पर सुरक्षा, पार्किंग और पर्यटकों की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। 15 फरवरी को समापन समारोह में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

### महिला की संदिग्ध हालत में जलकर मौत

**दुर्ग।** भिलाई के सेक्टर-8 क्षेत्र में मंगलवार को एक दर्दनाक और रहस्यमय घटना सामने आई, जहाँ 50 वर्षीय महिला का जला हुआ शव उसके घर के बाथरूम से बरामद किया गया। मृतका की पहचान रंजना देवांगन के रूप में हुई है।

### रोजगार दिवस, आवास दिवस, चावल दिवस एवं विकसित भारत-जी राम जी अभियान का हुआ आयोजन

**एमसीबी।** ग्राम पंचायत लाई के मुक्तियारपारा में रोजगार दिवस, आवास दिवस, चावल दिवस एवं विकसित भारत-जी राम जी अभियान के अंतर्गत जन जागरूकता एवं हितग्राही केंद्रित कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना, पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ना तथा गांव स्तर पर विकास और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना रहा।

# 27.51 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी के विरुद्ध धान का उठाव कमजोर, समितियां चिंतित

## राइस मिलर्स के आगे लाचार है मार्कफेड



**कोरबा।** अंतिम रूप से दो दिन के लिए किसानों को अपनी धान बेचने के लिए मौका देने के बाद खरीदी सीजन 2025-26 अंतिम रूप से खत्म हो गया है। इधर कोरबा जिले में अधिकांश दूरस्थ केंद्रों सहित अन्य उपार्जन केंद्रों में धान का उठाव काफी कमजोर है। इस वजह से समितियां परेशान हैं। कहा जा रहा है कि राइस मिलर्स के आगे मार्कफेड लाचार बना हुआ है।

कोरबा जिले की 49 समितियों के अंतर्गत 65 उपार्जन केंद्रों में खरीफ की मुख्य फसल धान की पैदावार बेचने के लिए 52 हजार 500 किसानों ने अपना पंजीकरण कराया था। 16 हजार 900 के आसपास किसानों की संख्या अंतिम रूप से भी अपने उत्पाद का विक्रय करने में नाकाम रही। रकबा कटौती से लेकर गिरदावली, टोकन में मुश्किल और दूसरी समस्याओं के चक्कर में जिले का प्रत्येक किसान सरकारी घोषित समर्थन मूल्य पर धान बेचने में सफल नहीं हो सका। खबर के अनुसार सरकार ने कोरबा जिले के लिए इस वर्ष 31 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य दिया था। यद्यपि 15 नवंबर से धान की खरीदी की घोषणा की गई लेकिन कोरबा जिले के अनेक केंद्रों में यह काम 4-5 दिनों बाद शुरू हो सका। इस अवधि में किसानों की बड़ी संख्या को काफी मेहनत के बाद फसल बेचने का अवसर प्राप्त हुआ। 31 जनवरी को धान खरीदी की अंतिम तारीख थी। कई प्रकार के दबाव और समस्याओं को देखते हुए सरकार ने फरवरी में 4 और 5 तारीख को किसानों को मौका दिया। खबर के अनुसार कोरबा जिले में अंतिम रूप से 27 लाख 51 हजार मीट्रिक टन धान का उपार्जन सकल रूप से किया जा सका।

65 केंद्रों में किसानों से उपार्जित धान की मात्रा के उठाव की गति संतोषजनक नहीं है। कुछ ही केंद्रों में 60 प्रतिशत तक धान की खरीदी हुई है जबकि बहुत सारे केंद्रों में स्थिति लचर है। श्यांग, बरपाली, मोरगा, सिरमिना, कोरबी और ऐसे कई केंद्र हैं जहां 30 हजार या इससे अधिक क्विंटल धान का उठाव होना बाकी है। बताया गया कि डीएमओ कार्यालय से डीओ तो जारी किए गए हैं लेकिन मिलर्स उदासीन बना हुआ है।

### हाथी प्रभावित क्षेत्रों पर प्रशासन का फोकस, इधर उपेक्षा

धान खरीदी का कार्य शुरु होने से ठीक पहले जिला प्रशासन की ओर से त्रिस्तरीय व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों और उनके सहायकों की बैठक लेकर आवश्यक चर्चा की गई। पूरे मामले में इस बात पर फोकस किया गया कि पारदर्शिता के साथ काम को किया जाए। विशेष रूप से जिले के उन क्षेत्रों में निगरानी के साथ धान खरीदी के पश्चात् साथ-साथ उठाव कराना सुनिश्चित हो, जो हाथी प्रभावित समस्या से जूझ रहे हैं। इनमें लेमरू, श्यांग, मोरगा, सिरमिना और कुदमुरा का इलाका शामिल है। इन क्षेत्रों में बार-बार धान की बची मात्रा के उठाव के लिए मार्कफेड को मौखिक जानकारी दी गई और पत्राचार भी किया गया लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। एक तरह से यह प्रशासन के निर्देशों को ठेंगा दिखाने की कोशिश है। वर्तमान में मोरगा क्षेत्र में एक दंतैल की सक्रियता बढ़ी हुई है। संभावित आशंका ने धान खरीदी समिति को भयभीत कर रखा है। उसने संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया है।

### सूखत की भरपाई कौन करेगा

बीते कुछ वर्षों से जिले में धान खरीदी का काम बेहतर रूप से जारी है और जीरो शार्टेज के रिकार्ड बन रहे हैं। जानकारों का कहना है कि एक निश्चित अवधि तक धान का स्टॉक होने पर उसमें सूखत की समस्या होती है। बाद में जब इसका उठाव होता है और आगे तक पहुंच होती है तब तय मात्रा में कमी की शिकायत आती है। समितियों कहा कहना है कि सिस्टम के कारण कमी होगी तो भरपाई कौन करेगा।

## फाइलेरिया उन्नमूलन के लिए 25 तक चलेगा अभियान

**कोरबा।** लोक स्वास्थ्य चिकित्सा विभाग के द्वारा जिले में फाइलेरिया उन्नमूलन अभियान शुरू किया गया है। यह एक पखवाड़े तक चलेगा। सीएमएचओ डॉ. एसएन केसरी ने बताया कि 25 फरवरी इसकी अंतिम तिथि है। सरकार के निर्देश पर कोरबा जिले के सभी क्षेत्रों में इस अभियान के अंतर्गत काम होना है। मांसपेशियों में होने वाले विपरित प्रभाव के कारण फाइलेरिया जन्म लेता है और फिर बाद में हालात बिगड़ते हैं। इस समस्या के लक्षण, कारण और निवारण के बारे में आम लोगों को अवगत कराया जाएगा। इसके साथ ही दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से कहा है कि वे फाइलेरिया के मामले गंभीरता से और समाज में जागरूकता का वातावरण तैयार करें।

## पत्रकार सुरक्षा समिति करेगी विस्तार

**कोरबा।** जिले में पत्रकार सुरक्षा समिति संगठन का विस्तार करने के साथ कार्यों को बढ़ाएगी। जिलाध्यक्ष शारदा शंकर पांडे ने बताया कि सक्रिय पत्रकारों को दायित्व दिए गए हैं। पिछले दिनों दुर्ग में परिचय सम्मेलन के साथ नीतिगत रूप से चर्चा हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद वर्मा का प्रवास 22 फरवरी को रायपुर के राज्य सम्मेलन में हो रहा है।

# दीपका पुलिस की रेड पकड़ी 100 लीटर शराब



**कोरबा।** अवैध गतिविधियों की रोकथाम को लेकर दीपका पुलिस कामकाज में जुटी है। उसने गुप्तचर की सूचना पर पांच जगह रेड कार्यवाही की। इसमें दो महिलाओं सहित चार आरोपियों के कब्जे से 100 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की गई। संबंधितों पर आबकारी एक्ट की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया।

दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू के मार्गदर्शन में टीमों ने इसक कार्यवाही को अंजाम दिया। पुलिस के द्वारा सिरकीखुर्द, ढुरैना, केराकछार, लोटनापारा में कुल पांच ठिकानों पर अवैध शराब के अड्डों पर कार्यवाही की गई। मालूम चला था कि यहां शराब की अवैध खरीद फरोख्त का काम हो रहा है। पुलिस ने इन स्थानों से अलग-अलग मात्रा में कुल 100 लीटर शराब जब्त की। बताया गया कि सूरज धनुहार 19 वर्ष, विक्रम धनुहार 27 वर्ष, प्रीति मरकाम 25 वर्ष और अंताबाई धनुहार को मौके से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि नशे के विरूद्ध अभियान को शुरू किया गया है। पुलिस को इस काम में उसके लोकल इंटेलिजेंस की मदद मिल रही है। इसके जरिए अवैध कार्यों पर रोक लगाने का काम जारी है। थाना प्रभारी ने बताया कि इससे पहले भी कई क्षेत्रों में ऐसे काम किए गए हैं। पिछले दिनों केराकछार और अन्य गांव में महिला कमांडो का गठन इसी इरादे से किया गया। पुलिस की मौजदूगी में उन्होंने शपथ ली थी कि ऐसे सभी ठिकानों को बंद कराने के लिए हम खुद भी कोशिश करेंगे।

### नेताओं ने कहा- इस नीति से शोषण के मामले बढ़ेंगे

# हड़ताल से पहले श्रम नियमों को लेकर तेवर दिखाए यूनियन ने



**कोरबा।** चार लेबर कोड के विरोध में 12 फरवरी को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने को लेकर 10 फरवरी को दीपका के प्रगति नगर शॉपिंग सेंटर में ट्रेड यूनियनों का कन्वेंशन आयोजित किया गया। कन्वेंशन में ट्रेड यूनियन नेताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोलते हुए मजदूर विरोधी करार दिया।

कन्वेंशन समारोह की अध्यक्षता एचएमएस के पदाधिकारी ने की। एटक संगठन से अजय विश्वकर्मा, इंटक गोपाल नारायण सिंह, सीटू से वी. एम. मनोहर , एटक वी. धर्माराव, इंटक सतीश सिंह और डी. के. मिश्रा, सीटू अजय सिंह परिहार ने अपनी बात रखी। वक्ताओं ने कहा कि नए लेबर कोड लागू होने से मजदूरों के वर्षों के संघर्ष से प्राप्त अधिकारों पर कुठाराघात होगा। स्थायी रोजगार, वेतन समझौते, सामाजिक सुरक्षा और यूनियन अधिकारों को कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह कोड मजदूरों को शोषण की ओर धकेलने वाला है, जिसे किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जाएगा। नेताओं ने क्षेत्र के सभी श्रमिकों से अपील की कि वे 12 फरवरी की हड़ताल में एकजुट होकर भाग लें और सरकार को मजदूर विरोधी नीतियों को वापस लेने के लिए मजबूर करें। नेताओं ने यह भी कहा कि 2 दिन के कोयला अगर बंद हो जाएगा तो पूरे देश में अंधेरा छा जाएगा । हड़ताल बहुत बड़ी लोकतांत्रिक ताकत है जिसको सरकार मजदूरों से छीन रही है । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मजदूर एवं यूनियन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# आर्यन स्कूल के वार्षिक उत्सव में डीईओ उपाध्याय ने संस्कारयुक्त शिक्षा को बताया आज की आवश्यकता



**कोरबा।** ग्रामीण अंचल में आधुनिक गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने को कृत संकल्पित आर्यन पब्लिक स्कूल के गेवरा बस्ती ब्रांच में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा तामेश्वर उपाध्याय उपस्थित रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के संचालक एवं भाजपा जिला मंत्री अजय कुमार दुबे ने की।

सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर समस्त उपस्थित विद्यार्थियों ने सरस्वती जी की वंदना की। तत्पश्चात् अतिथियों को तिलक लगाकर श्री फल से स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री उपाध्याय ने संबोधित करते हुए कहा कि वास्तव में आर्यन पब्लिक स्कूल गांव के जरूरत मंद लोगो को शिक्षा उपलब्ध कराने का सशक्त माध्यम है। जहां न्यूनतम शुल्क पर आधुनिक संस्कार युक्त शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। संस्था के संचालक अजय कुमार दुबे स्वयं शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित एवं अनुभवी व्यक्ति हैं। जिन्होंने 25 वर्षों से कोरबा जिले में शिक्षा की नवाचार व्यवस्था को लागू किया है। वो चाहे बच्चों को प्रतियोगिता परीक्षाओं हेतु तैयार करना हो या महाविद्यालयों में कैरियर काउंसलिंग।

इस अवसर पर अजय कुमार दुबे ने संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य मात्र पैसे कमाने की फैक्ट्री उत्पन्न करना नहीं है वरन संस्कार युक्त इंसान बनाना है।जो राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका तय कर सकें। आपने उपस्थित पालकों से भी आग्रह किया कि वे आज के परिवेश के अनुकूल बच्चों में धैर्य, आत्म विश्वास एवं अनुशासन पैदा करें ताकि वो जीवन में आने वाली कठिनाइयों से आसानी से निपट सकें। सर्वप्रथम बच्चों को उनके साल भर की उपलब्धियों के लिए पुरस्कार वितरण किया गया। तत्पश्चात् नन्हे मुन्ने बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर अनेक प्रेरणादायक नाट्य मंचन भी किया गया। जिसका हजारों की संख्या में उपस्थित पालकों एवं ग्राम वासियों ने आनंद उठाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था की प्राचार्य श्रीमती रेणु चक्रवती, श्रीमती मंजू अजय दुबे, श्रीमती गोदावरी देवांगन, श्रीमती रेवती यादव, श्रीमती सीमा कटकवार, श्रीमती पूजा, श्रीमती सुनीता महंत, श्रीमती नम्रता नाथ, चंचल अग्रवाल, मंजू, संभावी आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जबकि मंच का संचालन श्रीमती लीना एवं स्वागत कुमार नायक ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन श्रीमती रेणु चक्रवती ने किया।




सड़क सुरक्षा जागरूकता 2026 के अंतर्गत पुलिस ने 31 दिन तक व्यापक अभियान चलाते हुए वाहन चालकों व लोगों को जागरूक किया। सुरक्षा को वैकल्पिक के बजाय आवश्यक मानते हुए मुख्य मार्गों के आसपास ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाया। यहां पर मवेशियों को रेडियम पट्टे लगाए गए। पुलिस का कहना है कि इस तरह की व्यवस्था रात्रि में संभावित दुर्घटनाजन्य स्थिति से मवेशियों के जीवन को बचाती है।

## राठौर बने बीकेकेएमएस के सचिव

**कोरबा।** पिछले दिनों बीकेकेएमएस गेवरा प्रोजेक्ट की बैठक हुई जिसमें चंद्रशेखर राठौर को सचिव बनाया गया। जबकि बाबू सिंह गेवरा प्राजेक्ट के अध्यक्ष है। कुलदीपकुमारके हटनेके कारण सचिव का पद रिक्त हुआ था। सचिव बनने के बाद चंद्रशेखर राठौर ने कहा है कि आने वाले दिनों में संगठन को और मजबूत करेंगे। सदस्य संख्या में इजाफा किया जाएगा। इसके अलावा और भी कई उल्लेखनीय कार्य किय जाएगें।

## पाली तानाखार क्षेत्र में वैभव ने किया संवाद

**कोरबा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष वैभव शर्मा ने आज पाली तानाखार विधानसभा क्षेत्र के कुछ इलाकों का भ्रमण किया। केद्रीय बजट और विकसित भारत जी-राम-जी योजना को लेकर उन्होंने ग्रामीणों से संवाद किया। इस मौके पर लोगों को बताया गया कि दोनों चीजों में प्रावधान क्या हैं और ये देश के विकास के लिए कैसे सहयोगी होंगे। स्पष्ट किया गया कि पूर्ववर्ती मनरेगा में कई प्रकार की विसंगतियां थी इसलिए इसकी विदाई की जा रही है और नई योजना लांच की जा रही है।

# ब्रह्माकुमारीज ने किया वृद्धों का सम्मान

## राजयोग का कराया अभ्यास



**कोरबा।** ब्रह्माकुमारीज संस्थान के द्वारा नगर निगम के वृद्ध आश्रम स्नेह सदन एवं ब्रह्मकुमारिज आध्यात्मिक उर्जा पार्क में वृद्धजनों के सम्मान, उनके मानसिक सशक्तिकरण एवं आध्यात्मिक उन्नति के उद्देश्य से गौरवपूर्ण वृद्ध अवस्था एवं सम्मानित जीवन विशेष पर राजयोग ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वृद्ध आश्रम एवं आध्यात्मिक ऊर्जा पार्क में अत्यंत श्रद्धा, गरिमा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, ईश्वरीय गीत एवं शांति ध्यान से किया गया। उपस्थित सभी वृद्धजनों का तिलक लगाकर, शॉल एवं पुष्पमाला भेंट कर सम्मान किया गया। वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता से भर उठा।

इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी बिंदु ने कहा की वृद्धजन हमारे समाज की जड़ और नींव हैं। उनके अनुभव, त्याग और संस्कार ही परिवार और समाज को मजबूती प्रदान करते हैं। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मन अशांत हो जाता है, लेकिन राजयोग ध्यान के अभ्यास से मन को स्थिरता, शक्ति और सुकून मिलता है। जब हम स्वयं को आत्मा समझकर परमात्मा से जुड़ते हैं, तो जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होता है। वृद्धावस्था कमजोरी नहीं, बल्कि अनुभव और परिपक्वता की अवस्था है। हमें अपने बड़ों का सम्मान करना चाहिए और उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

विद्या ने कहा कि आज कई वृद्धजन अकेलेपन और उपेक्षा का अनुभव करते हैं, जबकि वे परिवार की सबसे बड़ी पूंजी हैं। राजयोग ध्यान उन्हें मानसिक शांति, आत्मबल और सकारात्मक सोच प्रदान करता है। ईश्वर की याद से हर दुख दूर हो सकता है। हमारा लक्ष्य है कि हर वृद्धजन स्वयं को सम्मानित, सुरक्षित और खुश महसूस करे। समाज में प्रेम, सहयोग और संस्कारों का वातावरण बने, यही सच्ची सेवा है।' कार्यक्रम के दौरान भजन, गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इसके बाद वृद्धजनों ने भी अपने अनुभव साझा किए। अंत में सभी को राजयोग ध्यान का अभ्यास कराया गया तथा प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस आयोजन ने वृद्धजनों के जीवन में नई उमंग, आत्मविश्वास और खुशी का संचार किया।

## मसान में होगा भूमिपूजन

**कोरबा।** जिला पंचायत के सदस्य सुषमिता अनंत के द्वारा आज राममसान में सीसी रोड का भूमिपूजन किया जाएगा। यह कार्य जिला पंचायत सदस्य निधि से किया जाएगा। ग्रामीणों के द्वारा काफी लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग की जा रही थी। इसके पहले भी निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया गया है। इसके अलावा क्षेत्र के समस्याओं को बैठक में भी रखा गया है।

**किराए पर देना है**

कोरबा बुधवारी बाजार के पास एचआईजी-4 नेहरू नगर स्किन केयर क्लीनिक के ऊपर प्रथम तल सर्वसुविधायुक्त व्यावसायिक उपयोग हेतु किराए पर देना है।

संपर्क करें

मो. नं.-98263 89894

# दमहामुड़ा के लोगों ने चर्च के नाम से खरीदी जमीन के नामांतरण पर की आपत्ति



**कोरबा।** पोड़ी उपरोड़ा के दमहामुड़ा गांव में बिलीवर्स चर्च के लिए खरीदी की जमीन के नामांतरण को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई है। ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन के पास लिखित आपत्ति दर्ज कराई है। उनकी मांग है की जमीन की रजिस्ट्री और नामांतरण की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए। दमहामुदा गांव के काफी लोग इस मामले को लेकर पौड़ी उपरोला तहसील कार्यालय पहुंचे। यह लोग जनजाति समाज से वास्ता रखते हैं। उनकी आपत्ति इस बात को लेकर है कि एक तो बिना किसी ठोस आधार के मिशनरी संस्था के लिए जमीन प्राप्त की गई और अब वहां अनावश्यक गतिविधियों की जा रही है। जनजाति संस्कृति और परंपरा पर इसका बुरा असर पड़ रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता वीरेंद्र मरकाम ने अनेक लोगों के हस्ताक्षर युक्त आपत्ति प्रशासन के पास लगाई। उन्होंने बताया कि इस तरह के कार्य बेमतलब है और संबंधित प्रक्रिया पर रोक लगाई जानी चाहिए।

ग्रामीणों के द्वारा इस विषय को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया। प्रशासनिक अधिकारी ने बताया कि जमीन खरीदी का मामला वर्ष 2015-16 के आसपास का हे। अब नामांतरण के लिए संबंधित पक्ष ने आवेदन किया था जिस पर लोगों को आपत्ति है। इस प्रकरण में नियमानुसार कार्रवाई करेंगे। कोरबा में धर्मांतरण और चंगाई सभा को लेकर लगातार सवाल खड़े होते रहे हैं । कई बार मारपीट से लेकर प्रदर्शन की स्थिति भी निर्मित हुई है और पुलिस ने ऐसे प्रकरणों में अपराध दर्ज किया है।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com